पौष कृष्ण - 13 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 165 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 09-01-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 अपने आसपास के लोगों को सशक्त बनाते हैं नेतृत्व करने वाले लोग : वायुसेना प्रमुख

6 हिंडेनबर्ग पर शीर्ष न्यायालय के फैसले के मायने

7 भारत-मालदीव विवाद के बीच अमिताभ बच्चन ने की लक्षद्वीप, अंडमान की तारीफ




## फर्स्ट टेक

### एनसीसी की चार इकाई बढाने को मंजूरी मिली

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) की चार अतिरिक्त इकाईयों के गठन से संबंधित प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव में उधमपुर, कुपवाड़ा और करगिल में सेना की एक-एक मिश्रित इकाई (छात्र एवं छात्रा) और उधमपुर में वायु सेना की एक इकाई के गठन की बात कही गयी है। इसके परिणामस्वरूप जम्मू कश्मीर और लद्दाख में कैडेटों की संख्या 12 हजार 860 बढ जायेगी ।

### जापान में सप्ताह भर में करीब 1,200 झटके दर्ज

**टोक्यो/वार्ता।** जापान में इशिकावा प्रान्त के नोटो प्रायद्वीप में नववर्ष के पहले दिन आए शक्तिशाली भूकंप के बाद एक सप्ताह में करीब 1,214 झटके दर्ज किए गए हैं। एनएचके ब्रॉडकास्टर ने सोमवार को यह जानकारी दी। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने चेतावनी दी थी कि भूकंप के बाद के सप्ताह में तेज़ झटके आने के आसार हैं। भूकंप के कारण सड़कें क्षतिग्रस्त होने और संचार बाधित होने की वजह से बचाव दल कुछ क्षेत्रों तक पहुंचने में असमर्थ हैं। इन क्षेत्रों में नुकसान का आकलन भी नहीं हो सका है। इसी बीच, 0 से 4 डिग्री सेल्सियस (32 से 39.2 डिग्री फ़ारेनहाइट) के ठंडे तापमान के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है क्योंकि हजार घरों की बिजली और पानी आपूर्ति ठप है।

### पाकिस्तान में विस्फोट, पांच की मौत, 14 घायल

**इस्लामाबाद/वार्ता।** पाकिस्तान में उत्तर-पश्चिम खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बाजौर जिले की मामुंड तहसील में सोमवार को पुलिस वाहन को लक्ष्य कर किये गये बम विस्फोट में पांच पुलिसकर्मी मारे गए और करीब 14 घायल हो गए। बचाव और पुलिस अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, आज सुबह प्रांत के बाजौर जिले में एक पुलिस ट्रक को इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस से निशाना बनाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिसकर्मी जिले में पोलियो टीकाकरण टीमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए जा रहे थे।

| | |
|---|---|
| 09-01-2024 सूर्यास्त 5:57 बजे | 10-01-2024 सूर्योदय 6:33 बजे |
| BSE 71,355.22 (-670.93) | NSE 21,513.00 (-197.80) |
| सोना 6,577 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 80,000 रु. प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

**चलो लक्षद्वीप**

लक्षद्वीप है सबसे सुंदर,
अपनी मूंछें आप तानिए।
इधर उधर छोड़े अब जाना,
घर में मस्ती खूब छानिए।
मोदी जी के कई निशाने,
सच की सूरत सभी जानिए।
भारत को जो बुरा कहे उसे,
माल नहीं मल द्वीप मानिए।।

उच्चतम न्यायालय ने किया

# बिलकिस बानो मामले में गुजरात सरकार का आदेश रद्द

## दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश

- गुजरात सरकार सजा में छूट का आदेश देने के लिए उचित सरकार नहीं
- शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जिस राज्य में किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसे ही दोषियों की सजा में छूट संबंधी याचिका पर निर्णय लेने का अधिकार होता है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने गुजरात सरकार पर अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए 2002 के दंगों के दौरान बिलकिस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को रद्द कर दिया और दोषियों को दो सप्ताह के अंदर जेल भेजने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति बी वी नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि सजा में छूट का गुजरात सरकार का आदेश बिना सोचे समझे पारित किया गया और पूछा कि क्या ''महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराध के मामलों में सजा में छूट की अनुमति है, चाहे वह महिला किसी भी धर्म या पंथ को मानती हो। घटना के वक्त बिलकिस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं। बानो से गोधरा ट्रेन अग्निकांड के बाद 2002 में भड़के दंगों के दौरान दुष्कर्म किया गया था। दंगों में मारे गए उनके परिवार के सात सदस्यों में उनकी तीन साल की बेटी भी शामिल थी।

गुजरात सरकार ने सभी 11 दोषियों को 15 अगस्त 2022 को सजा में छूट दे दी थी और उन्हें रिहा कर दिया था।

पीठ ने कहा, हम गुजरात सरकार द्वारा शक्तियों का दुरुपयोग करने के आधार पर सजा में छूट के आदेश को रद्द करते हैं। पीठ ने 100 पन्नों से अधिक का फैसला सुनाते हुए कहा कि गुजरात सरकार सजा में छूट का आदेश देने के लिए उचित सरकार नहीं है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि जिस राज्य में किसी अपराधी पर मुकदमा चलाया जाता है और सजा सुनाई जाती है, उसे ही दोषियों की सजा में छूट संबंधी याचिका पर निर्णय लेने का अधिकार होता है। दोषियों पर महाराष्ट्र द्वारा मुकदमा चलाया गया था।

भारत-मालदीव राजनयिक विवाद :

# मालदीव के राजदूत तलब, भारत ने अपनी कड़ी चिंताओं से अवगत कराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में मालदीव के राजदूत को सोमवार को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और मालदीव के तीन मंत्रियों द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पर पोस्ट की गई टिप्पणियों पर कड़ी चिंता व्यक्त की गई। हालांकि मोदी के बारे में टिप्पणी करने वाले तीन मंत्रियों को अब निलंबित कर दिया गया है।

माले में मालदीव की सरकार ने भारतीय उच्चायुक्त मुनु मुहावर को सूचित किया कि मोदी के खिलाफ टिप्पणी सरकार के रुख को प्रदर्शित नहीं करती। मालदीव के तीन उप मंत्रियों - मालशा शरीफ, मरियम शिउना और अब्दुल्ला महज़ूम माजिद को राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू वाली मालदीव की सरकार ने रविवार को उनके पदों से निलंबित कर दिया।

नई दिल्ली में, सूत्रों ने कहा कि मालदीव के दूत इब्राहिम शाहीब को विदेश मंत्रालय में तलब किया गया और उन्हें मोदी के खिलाफ सोशल मीडिया पोस्ट पर अपनी कड़ी चिंताओं से अवगत कराया गया।

विवाद बढ़ने पर, भारत के प्रमुख यात्रा मंच 'ईजमाईट्रिप' ने कहा कि उसने मालदीव के लिए बुकिंग निलंबित कर दी है।

# पचास से अधिक वर्षों में पहला अमेरिकी चंद्र लैंडर चंद्रमा की ओर रवाना

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**केप केनवेरल (अमेरिका)/एपी।** पचास से अधिक वर्षों में पहला अमेरिकी चंद्र लैंडर सोमवार को चंद्रमा की ओर रवाना हुआ, जिससे नासा और अन्य ग्राहकों के लिए सेवा प्रदायगी के वास्ते निजी कंपनियां अंतरिक्ष की दौड़ में शामिल हो गई हैं।

एस्ट्रोबोटिक टेक्नोलॉजी, पिट्सबर्ग कंपनी का लैंडर 'यूनाइटेड लॉन्च अलायंस' के बिलकुल नए रॉकेट 'वल्कन' पर सवार हुआ। लैंडर 23 फरवरी को चंद्रमा की सतह पर उतरने का प्रयास करेगा।

पिट्सबर्ग की कंपनी का लक्ष्य चंद्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने वाला पहला निजी उद्यम बनने का है, जिसे केवल चार देशों ने पूरा किया है। लेकिन ह्यूस्टन की एक कंपनी के पास भी एक लैंडर है जो उड़ान भरने के लिए तैयार है और वह अधिक सीधा रास्ता अपनाते हुए इसे चंद्रमा की सतह तक ले जा सकती है।

नासा ने दोनों कंपनियों को अपने स्वयं के चंद्र लैंडर बनाने और उड़ाने के लिए लाखों रुपए दिए हैं। अंतरिक्ष एजेंसी चाहती है कि निजी स्वामित्व वाले लैंडर नासा की तकनीक और विज्ञान प्रयोगों के साथ-साथ अन्य ग्राहकों के लिए अंतरिक्ष यात्रियों के आने से पहले उस स्थान का दायरा बढ़ा दें।

अमेरिका ने पिछली बार चंद्र मिशन दिसंबर 1972 में भेजा था। अपोलो 17 के जीन सर्नन और हैरिसन श्मिट चंद्रमा पर चलने वाले 11वें और 12वें व्यक्ति बन गए थे।

# गरीब, किसान, महिला और युवा सशक्त हुए तो मजबूत होगा भारत : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम आदमी को रोज़मर्रा की जरूरतों के लिए संघर्ष से बाहर निकालने के इरादे का इजहार करते हुए सोमवार को कहा कि गरीब-किसान-महिलाएं और युवा ये चार जातियां यदि सशक्त हो गईं तो भारत सशक्त हो जाएगा।

मोदी ने यहां विकसित भारत संकल्प यात्रा को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए कहा कि 2-3 दिन पहले ही यात्रा ने अपने 50 दिन पूरे किए हैं। इस अवधि में 11 करोड़ लोगों का जुड़ना, ये अपने आप में अभूतपूर्व है। समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सरकार खुद पहुंच रही है, उसे अपनी योजनाओं से जोड़ रही है। उन्होंने कहा, विकसित भारत संकल्प यात्रा सिर्फ सरकार की नहीं, बल्कि देश के सपनों की, संकल्पों और भरोसे की यात्रा बन चुकी है और इसलिए आज देश का हर क्षेत्र, हर परिवार, अपने बेहतर भविष्य की उम्मीद के रूप में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी देख रहा है। इस यात्रा को लेकर गांव हो या शहर, हर जगह उमंग, उत्साह और विश्वास है। देश के कोने-कोने में मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंच रही है। जिन गरीब लोगों का जीवन सरकारी योजनाओं का लाभ पाने के इंतजार में बीत गया, वो आज एक सार्थक बदलाव देख रहे हैं।

उन्होंने कहा, किसने सोचा था कि कभी सरकारी कर्मचारी, सरकारी अफसर, ये बाबू और ये नेता लोग खुद गरीब के दरवाजे पर पहुंचकर पूछेंगे कि आपको सरकारी योजना का लाभ मिला या नहीं मिला?

लेकिन ये पूरी ईमानदारी से हो रहा है। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के साथ, सरकारी दफ्तर, जनप्रतिनिधि, देशवासियों के पास, उनके गांव-मोहल्ले पहुंच रहे हैं।

### साइप्रस के राष्ट्रपति ने मंत्रिमंडल में किया फेरबदल

**निकोसिया (साइप्रस)/एपी।** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडोलिडेस ने सोमवार को अपने मंत्रिमंडल में बड़ा फेरबदल करते हुए रक्षा, स्वास्थ्य, न्याय और पर्यावरण मंत्रियों को हटाकर नए चेहरों को जगह दी। सिर्फ 10 महीने पहले सत्ता की बागडोर संभालने वाले निकोस ने डिजीटल नीति और यूरोपीय मामलों के उपमंत्रियों को हटाकर नए मंत्रियों को मंत्रिमंडल में शामिल किया है। राष्ट्रपति निकोस ने एक समाचार पत्र को साक्षात्कार दिया था, जिसके बाद मंत्रिमंडल के 16 पदों पर नए चेहरों को शामिल किए जाने की अटकलें लगनी शुरू हो गईं थीं। सप्ताह भर चली अटकलों के बाद सोमवार को मंत्रिमंडल में फेरबदल की औपचारिक घोषणा की गई। साइप्रस के नए रक्षा मंत्री वासिलिस पालमास एक तजुर्बेकार राजनेता होने के साथ-साथ सरकार के प्रवक्ता और पिछले दो सरकारों में उपमंत्री का पदभार संभाल चुके हैं। नए स्वास्थ्य मंत्री मिचाली दामियानोस पेशे से एक वकील हैं जबकि इतिहास की प्रोफेसर मारिया पानायियोटौ को पर्यावरण आयुक्त से पदोन्नति देते हुए पर्यावरण व कृषि मंत्री बनाया गया है।

# सरकार स्वास्थ्य सेवा समानता के लिए प्रतिबद्ध : मांडविया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि सरकार स्वास्थ्य सेवाओं में समानता को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है और इन्हें आयुष्मान भारत जैसी पहल से किफायती और सुलभ बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

मांडविया ने सोमवार को यहां दिल्ली में केंद्र सरकार के अस्पतालों में नई स्वास्थ्य सुविधाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि जनकल्याण दृष्टिकोण समय की मांग है। वर्तमान और भविष्य में जन कल्याण के दृष्टिकोण को बीमारियों से बचाव की दिशा में केंद्रित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकीकृत दृष्टिकोण बीमारियों को दूर रखने के लिए जन कल्याण के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत की चिकित्सा और स्वास्थ्य सेवाएँ आगे बढ़ी हैं और भारतीय स्वास्थ्य सुविधाएं पूरी दुनिया के लिए उपलब्ध हैं। यह प्रतिबद्धता 'वसुधैव कुटुंबकम' के भारतीय दर्शन पर आधारित है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, समग्र स्वास्थ्य दृष्टिकोण समय की मांग है। वर्तमान और भविष्य के डॉक्टरों के रूप में, जनकल्याण के अपने दृष्टिकोण को बीमारियों को दूर रखने की दिशा में केंद्रित करना चाहिए।

कार्यक्रम में दुर्घटना एवं आपातकालीन ब्लॉक, लेडी हार्डिंग कृपलानी अस्पताल , न्यू हॉस्टल ब्लॉक, अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल रिसर्च (एबीवीआईएमएस) और डॉ. आरएमएल अस्पताल, स्पोर्ट्स का इंजरी सेंटर, वर्धमान महावीर मेडिकल कॉलेज (वीएमएमसी) और सफदरजंग अस्पताल और अकादमिक ब्लॉक और न्यू हॉस्टल ब्लॉक, राजकुमारी अमृत कौर कॉलेज ऑफ नर्सिंग की शुरुआत की गयी।

# इजराइल ने हिज्बुल्ला के साथ 'एक और युद्ध' शुरू होने की चेतावनी दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**यरुशलम/एपी।** इजराइली सेना ने रविवार को कहा कि हिज्बुल्ला ने उत्तरी इजइराल में एक हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया और इसके साथ ही इजराइली सेना ने ईरान समर्थित चरमपंथी समूह के साथ ''एक और युद्ध'' शुरू होने की चेतावनी दी।

लेबनान के साथ लगती सीमा पर लड़ाई ऐसे वक्त में बढ़ गई है जब इजराइल गाजा में हमास चरमपंथियों से लोहा ले रहा है। इस स्थिति को देखते हुए अमेरिका द्वारा तत्काल कूटनीतिक कदम उठाए जाने की आवश्यकता बढ़ गई है और वह भी ऐसे वक्त में जब विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन पश्चिम एशिया की अपनी यात्रा पर इजराइल आने की तैयारी कर रहे हैं।

ब्लिंकन ने कतर में वार्ता के बाद संवाददाताओं से कहा, यह ऐसा संघर्ष है जो आसानी से बढ़ सकता है जिससे और अधिक असुरक्षा और पीड़ा पैदा हो सकती है। इजराइल और हिज्बुल्ला के बीच सीमा पार लड़ाई ने क्षेत्रीय संघर्ष रोकने के अमेरिका के प्रयास को जटिल बना दिया है।

इजराइली सेना ने बताया कि हिज्बुल्ला ने शनिवार को माउंट मेरोन पर एक संवेदनशील हवाई यातायात नियंत्रण अड्डे पर हमला किया लेकिन हवाई रक्षा प्रणालियों पर कोई असर नहीं पड़ा। उसने बताया कि कोई भी सैनिक घायल नहीं हुआ और सभी क्षतिग्रस्त चीजों की मरम्मत की जाएगी।

गाजा में इजराइल के युद्ध के बीच यह हिज्बुल्ला की ओर से सबसे गंभीर हमलों में से एक है।

### 'लक्षद्वीप में खारे पानी को मीठा बनाने की परियोजना पर काम करने के लिए तैयार है इजरायल'

**नई दिल्ली/एजेन्सी।** लक्षद्वीप को लेकर छिड़े विवाद के बीच इज़रायल ने आज कहा कि वह अरब सागर में स्थित भारत के इस द्वीपीय केन्द्र शासित प्रदेश में खारे पानी को मीठा बनाने के लिए परियोजना का मंगलवार से काम शुरू करने के लिए तैयार है। इज़रायल के राजदूतावास ने यहां एक्स पर अपनी एक पोस्ट में लिखा कि केंद्र सरकार के अनुरोध पर इज़रायल के अधिकारी और वैज्ञानिक अलवणीकरण कार्यक्रम शुरू करने के बारे में अध्ययन के लिए पिछले साल लक्षद्वीप में थे। इज़रायली राजदूतावास ने कहा, इज़रायल कल से इस परियोजना पर काम शुरू करने के लिए तैयार है। इज़रायली राजदूतावास ने पोस्ट में लक्षद्वीप की कुछ आकर्षक तस्वीरें भी साझा कीं और कहा, उन लोगों के लिए जो अभी तक लक्षद्वीप के समुद्र तट पर पानी के भीतर की बहुत पुरानी और शानदार खूबसूरती को नहीं देख पाए हैं, ये उनके लिए इस द्वीप के मनमोहक आकर्षण को दिखाने वाली कुछ तस्वीरें हैं।



# स्थानकवासी जैन धार्मिक परीक्षा सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां कर्नाटक जैन स्वाध्याय संघ द्वारा संचालित 'स्थानकवासी जैन धार्मिक परीक्षा बोर्ड' की वार्षिक परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा में रविवार को लगभग 1 हजार विद्यार्थियों ने भाग लिया। शहर के चिकपेट, अक्कीपेट, मागड़ी रोड, मल्लेश्वरम, यशवंतपुर, श्रीरामपुरम, राजाजीनगर, ईटा गार्डन, चामराजपेट, हनुमंतनगर, त्यागराजनगर, जयनगर, बेंगलूरु सेन्ट्रल, डबल रोड, शांतिनगर, शूलै, अलसूर, केआर पुरम, कम्मनहल्ली आदि 20 क्षेत्रों में परीक्षा केन्द्र स्थापित किए गए। इसी कड़ी में केजीएफ, मैसूरु, मंडया, पांडवपुरा, हिरियूर, सेलम, मुम्बई, आदि क्षेत्रों में परीक्षा केन्द्रों की व्यवस्था की गई। कुल 29 केन्द्रों में 984 पंजीकरण हुए तथा तत्काल पंजीकरण की व्यवस्था भी रखी गई।

परीक्षा व्यवस्था के लिए लगभग 150 अध्यापकों एवं वरिष्ठ स्वाध्यायियों की सेवाएं ली गईं।

स्वाध्याय संघ के अध्यक्ष मोहनराज अखावत, मंत्री सुरेन्द्र चन्द गुलेच्छा, कोषाध्यक्ष भंवरलाल कवाड़, संयोजक शांतिलाल बोहरा, पर्युषण चेयरमैन मीठालाल पटवा, मुन्नालाल डूंगरवाल, महावीरचन्द गुलेछा, मनोहरलाल श्रीश्रीमाल, हितेश बोहरा, विमलचन्द पितलिया, पाठशाला के चेयरमैन दिनेश खींचा सहित अनेक सदस्यों ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्था में सहयोग करवाया। सभी क्षेत्रों के स्थानीय पदाधिकारियों तथा अध्यापक वर्ग के सहयोग से प्राप्त हुआ।



# अक्षत, कलश का हुआ स्वागत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भगवान श्री रामजी की पावन जन्मभूमि अयोध्या से आए अक्षत कलश का रविवार को सीरवी समाज सुकंदकट्टे आईमाता बडेर में भव्य स्वागत हुआ। प्रभु रामजी के भक्ति गीतों के साथ महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर अक्षित कलश के स्वागत निमित भव्य यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर सभी माताओं, बहनों और सभी सनातनी प्रेमी भाईयों ने पूजित अक्षित कलश का स्वागत किया और अपने आप को गौरवानुभव महसूस किया। इस कार्यक्रम में रामभक्त शोभायात्रा में नाचते गाते जय श्री राम के नारे लगाते हुए शामिल हुए। इस मौके पर बडेर के अध्यक्ष रूगाराम चोयल, संरक्षक इन्द्रलाल सोलंकी, सचिव हनुमानराम बर्फा, सह-सचिव भंवरलाल गहलोत, कोषाध्यक्ष घीसाराम सोलंकी, भानाराम गहलोत, सत्यनारायण मुलेवा सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।




# केपीएमएसए की नई समिति का हुआ गठन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां द कर्नाटका पेपर मर्चेंट्स स्टेशनर्स एसोसिएशन (केपीएमएसए) की 75 वीं वार्षिक साधारण सभा जयनगर के एक होटल में हुई। जिसमें सचिव विनोद नैनावत द्वारा रिपोर्ट पेश की गई। कोषाध्यक्ष रमेश कुमार सालेचा द्वारा विगत वर्ष का लेख जोखा पेश किया गया। इसके बाद आगामी कार्यक्रम के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से चयन किया गया।

नवगठित कार्यकारिणी में विनोद नैनावत को अध्यक्ष, प्रवीण लुंकड़ को उपाध्यक्ष, विक्रम श्रीमाल को सचिव, हुलाश कुमार को सह सचिव, रमेश कुमार सालेचा को कोषाध्यक्ष पद पर चुना गया। वहीं 15 सदस्यों की कार्यकारिणी का भी गठन किया गया।

दिनेश लुंकड़ को ऑल इंडिया पेपर ट्रेडर्स फेडरेशन के उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया गया। सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने नवगठित कार्यकारिणी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की।



# मुमुक्षु अक्षय का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। विजयनगर स्थित अर्हम भवन में रविवार दीक्षार्थी अभिन्दन समारोह का आयोजन मेहता परिवार द्वारा किया गया। सर्वप्रथम दीक्षार्थी अक्षय के सम्मान में शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें जैन ध्वज एवं कन्नड़ ध्वज से यह जुलूस लगभग 1 किलोमीटर तक चला। सभी ने जिन शासन के नारे लगाते हुए मुमुक्षु का स्वागत अभिनंदन किया।

मंचासीन कार्यकम का संचालन राजेश चावत ने किया। सामूहिक नमस्कार महामंत्र से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री जैन श्वेतांबर तेरापंथ सभा के अध्यक्ष प्रकाश गांधी, अणुव्रत विश्व भारती समिति कर्नाटक राज्य प्रभारी कैलाश बोराणा, सुरेश मेहता, प्रताप पोरवाल, राजुल सोनिया, विजय मेहता, दिलीप पोकरणा, हर्षद मेहता ने अपने विचार रखते हुए अभिनंदन किया। इस अवसर पर मुमुक्षु के माताजी मधुबाला ने अपने महादानी का परिचय देते हुए समाज को आवाहन किया कि यह बेटा केवल मेरा ही नहीं अपितु समाज का है समाज के हित के लिए यह दीक्षा ले रहा है। इसी क्रम में मुमुक्षु अक्षय ने कहा संसार को क्षणभर कहते हुए मोक्ष मार्ग पर अग्रसर होने के लिए सभी को प्रेरित किया। दीक्षा मध्य प्रदेश के इंदौर में जिन शासन गौरव आचार्यश्री विजयराज जी म.सा. के सान्निध्य में 18 फरवरी को होगा।





# बालाजी बाबोसा मंदिर का हुआ भव्य लोकार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। राजराजेश्वरी नगर स्थित श्री बालाजी बाबोसा मंदिर का लोकार्पण गत रविवार को आराधिका मंजू बाईसा ने किया। इस मौके पर मनोकामना पूर्ण कलश यात्रा भी निकाली गई जिसमें लगभग 300 महिलाओं और 100 पुरुषों ने हिस्सा लिया। मंजू बाईसा कलश यात्रा के साथ मंदिर प्रांगण में पहुंची तदपश्चात जयकारों, भजनों और आतिशबाज़ी के बीच मंदिर का लोकार्पण किया।

मंदिर में श्री बाबोसा भगवान के साथ शिव परिवार, राधा-कृष्ण, लक्ष्मीजी, हनुमानजी, मां शेरावाली, तिरुपति बालाजी, राघवेंद्र स्वामी, पार्श्वनाथ भगवान, रामदेवसा पीर की भी मूर्तियां भी प्रतिष्ठित की गई है। प्रकाश भाई एवं परम आराधिका मंजू बाईसा ने भारत की 21 पावन नदियों के मिश्रित जल से महाशंख द्वारा श्री बाबोसा भगवान का महाभिषेक किया गया। मंच संचालक अजय बैद ने उपस्थितजनों को श्री बाबोसा भगवान की महिमा से अवगत करवाया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुगण इस ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।

बालाजी बाबोसा का प्राचीन मंदिर राजस्थान के चुरू इलाके में है, जो चुरूधाम के नाम से प्रसिद्ध है। कार्यक्रम के आयोजन में सुनील सुराणा, बालचंद चिण्डालिया, राजेश बांठिया, अनिल सुराना, मनोज पटावरी, अजय सुराणा, पारस बांठिया, शासक बांठिया, प्रवेश सुराणा आदि का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।



# दादा गुरुदेव ट्रॉफी का विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। श्री सीमन्धर स्वामी राजेन्द्र सूरी जैन श्वेताम्बर मंदिर मामुलपेट के तत्वावधान में दादा गुरुदेव की विशेष आरती एवं भक्ति का आयोजन किया गया। दादा गुरुदेव की पूजा करने वाले बच्चों ने खूब आनंद के साथ पूजन किया। गायक पूजा लुणिया और दिनेश बाफना ने 'पोष सुदी सातम रा मेला उपर मामुलपेट आईजो रे...' आदि भजनों की प्रस्तुति दी।

दादा गुरुदेव की पूजा करने वाले 75 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। दादा गुरुदेव की ट्राफी का विमोचन सवीता बेन नेमीचन्द लुणिया परिवार ने किया। दादा गुरुदेव की आरती के लाभार्थी मिश्रीमल उकाजी धाणसा परिवार रहे। इस मौके पर पूना, कल्याण, मैसूरु, रेवतड़ा आदि से गुरु भक्त उपस्थित हुए। मंडल के अध्यक्ष चम्पालाल गादिया, सुरेश कुमार, रवि कराणी, विमल चौान एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

## बीते साल वाहनों की खुदरा बिक्री 11% बढ़ी : फाडा

**नई दिल्ली/भाषा।** देश में वाहनों की खुदरा बिक्री बीते कैलेंडर साल यानी 23 में 11% बढ़ी है। वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने यह जानकारी दी। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने कहा कि 2023 के कैलेंडर साल में घरेलू बाजार में वाहनों की कुल खुदरा बिक्री 2,38,67,990 इकाई रही, जबकि 2022 में 2,14,92,324 वाहन बेचे गए थे। यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल 38,60,268 इकाई रही, जो 2022 के 34,89,953 इकाई के आंकड़े से 11% अधिक है। दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले साल 9% बढ़कर 1,70,61,112 इकाई हो गई, जो 2022 में 1,55,88,352 इकाई थी। तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री पिछले साल 58% बढ़कर 10,80,653 इकाई हो गई, जो 2022 में 6,81,812 इकाई थी। वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री 2022 के 9,18,284 इकाई से 8% की वृद्धि के साथ 9,94,330 इकाइयों पर पहुंच गई। ट्रैक्टर की खुदरा बिक्री बढ़कर 8,71,627 इकाई हो गई, जो 2022 के 8,13,923 इकाई के आंकड़े से सात प्रतिशत अधिक है।

# 'मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना में भूमि अधिग्रहण का काम 100% पूरा'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**अहमदाबाद/भाषा।** नेशनल हाई-स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) ने सोमवार को कहा कि उसने गुजरात, महाराष्ट्र और दादरा व नगर हवेली में मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर (एमएचआरसी) के लिए भूमि अधिग्रहण का काम 100 प्रतिशत पूरा कर लिया।

मुंबई-अहमदाबाद रेल कॉरिडोर को बुलेट ट्रेन परियोजना के रूप में भी जाना जाता है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'एक्स' पर भूमि अधिग्रहण की जानकारी साझा करते हुए कहा कि परियोजना के लिए आवश्यक 1389.49 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है। मुंबई और अहमदाबाद के बीच उच्च गति वाली रेल लाइन का निर्माण किया जा रहा है।

एनएचएसआरसीएल ने एक विज्ञप्ति में कहा कि परियोजना के लिए सभी अनुबंध गुजरात और महाराष्ट्र को दे दिए गए थे जबकि 120.4 किलोमीटर गार्डर बिछा दिए गए हैं और 271 किलोमीटर तक खंभे लगा दिए गए हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, एमएचआरसी गलियारा ट्रैक सिस्टम के लिए जापानी शिंकानसेन में उपयोग किए जाने वाले रीइन्फोर्स्ड कंक्रीट (आरसी) ट्रैक बेड को बिछाने का काम भी सूरत और आनंद में शुरू हो गया है। यह पहली बार है जब भारत में जे-स्लैब गिट्टी रहित ट्रैक प्रणाली का उपयोग किया जा रहा है। एनएचएसआरसीएल ने कहा कि सिर्फ 10 महीने में गुजरात के वलसाड जिले में जरोली गांव के समीप 12.6 मीटर व्यास और 350 मीटर लंबी पहली 'माउंटेन टनल' का निर्माण पूरा कर लिया गया है। विज्ञप्ति के मुताबिक, गुजरात के सूरत जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर 70 मीटर लंबा और 673 मीट्रिक टन वजन वाला पहला स्टील पुल बनाया गया है। साथ ही इस तरह के 28 में 16 पुलों का निर्माण विभिन्न चरणों में हैं।

विज्ञप्ति के मुताबिक, एमएएचएसआर गलियारे पर 24 में से छह नदियों पर पुलों के निर्माण का काम पूरा हो चुका है, जिनमें पार (वलसाड जिला), पूर्णा (नवसारी जिला), मिंधोला (नवसारी जिला), अंबिका (नवसारी जिला), औरंगा (वलसाड जिला) और वेंगनिया (नवसारी जिला) शामिल हैं।

# अर्थव्यवस्था में 'के-आकार' के पुनरुद्धार के दावे दोषपूर्ण और मनगढ़ंत: एसबीआई रिसर्च

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने सोमवार को एक शोध रिपोर्ट में कहा कि भारत में महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में के-आकार के पुनरुद्धार के बारे में किए जाने वाले दावे 'दोषपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मनगढ़ंत' हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी के बाद भारतीय परिवार अपनी बचत को अचल संपत्ति सहित विभिन्न भौतिक संपत्तियों में नए सिरे से लगा रहे हैं।

रिपोर्ट कहती है, महामारी के बाद अर्थव्यवस्था में के-आकार के सुधार पर बार-बार होने वाली बहस दोषपूर्ण, पूर्वाग्रह से ग्रसित और मनगढ़ंत है। यह चुनिंदा तबकों के हितों को बढ़ावा देने वाली भी है जिनके लिए भारत का बेहतरीन उत्थान, जो नए वैश्विक दक्षिण के पुनर्जागरण का संकेत देता है, काफी अप्रिय है। के-आकार के पुनरुद्धार का मतलब अर्थव्यवस्था के विभिन्न समूहों की असमान वृद्धि है। इसमें अर्थव्यवस्था के कुछ क्षेत्र बहुत तेजी से बढ़ते हैं जबकि अन्य क्षेत्रों में गिरावट जारी रहती है या उन्हें संघर्ष का सामना करना पड़ता है। कोविड-19 महामारी के बाद कम ब्याज दरों का लाभ उठाने के लिए भारत में भी वैश्विक रुझान के मुताबिक अपनी बचत को वित्तीय परिसंपत्तियों ने निकालकर भौतिक परिसंपत्तियों में लगाने का रुझान देखा गया है। हालांकि, आंकड़ों से पता चलता है कि 2023 के बाद से एक बार फिर वित्तीय परिसंपत्तियों की तरफ ध्यान बढ़ रहा है।

## तेलंगाना भाजपा ने लोकसभा चुनाव प्रभारी चुने, राजा सिंह को हैदराबाद सीट की जिम्मेदारी



**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने राज्य के सभी 17 लोकसभा क्षेत्रों के लिए सोमवार को पार्टी के प्रमुख नेताओं को 'राजनीतिक प्रभारी' नियुक्त किया।

विधायक टी. राजा सिंह को हैदराबाद सीट का प्रभार दिया गया हैं जहां से ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) प्रमुख असदुद्दीन औवेसी सांसद हैं। सिंह का पार्टी से निलंबन पिछले साल रद्द कर दिया गया था। भाजपा की एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि केंद्रीय पर्यटन मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष जी. किशन रेड्डी ने ये नियुक्तियां कीं। पार्टी के राज्यसभा सदस्य के. लक्ष्मण सिकंदराबाद लोकसभा क्षेत्र के प्रभारी हैं, जिसका रेड्डी वर्तमान में प्रतिनिधित्व करते हैं।

## सरकार 2047 तक क्रूज पर्यटन, हरित जहाजों के विकास पर करेगी 60,000 करोड़ रुपए का निवेश

**कोलकाता/भाषा।** सरकार 2047 तक नदी क्रूज पर्यटन और हरित जहाजों के विकास पर 60,000 करोड़ रुपए का निवेश करेगी।

केंद्रीय बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने यहां अंतर्देशीय जलमार्ग विकास परिषद की पहली बैठक में कहा, हम नदी पर क्रूज (जहाज) में 45,000 करोड़ रुपए का निवेश करने जा रहे हैं, जिससे 2047 तक यात्री क्षमता दो लाख से 15 लाख हो जाएगी।

सोनोवाल ने कहा कि सरकार का लक्ष्य अगले 10 साल में 1,000 जहाज और घाटों को विकसित करने के लिए हरित परिवहन में 15,000 करोड़ रुपए का निवेश करना है।

केंद्रीय मंत्री ने कहा, कुल मिलाकर, 2047 तक 60,000 करोड़ रुपए का निवेश होगा। यह सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल के जरिये होगा। ये परियोजनाएं हजारों नौकरियां पैदा करने में मदद करेंगी।





# ओएनजीसी ने कृष्णा गोदावरी बेसिन में गहरे समुद्र की परियोजना से अंततः तेल उत्पादन शुरू किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने बंगाल की खाड़ी में कृष्णा गोदावरी बेसिन में अपनी बहुप्रतीक्षित प्रमुख गहरे समुद्र परियोजना से तेल उत्पादन शुरू कर दिया है।

कंपनी को अपनी इस प्रमुख परियोजना से उत्पादन शुरू करने में काफी देरी हुई है। कंपनी ने कहा कि इससे उसे कई साल के उत्पादन में गिरावट के रुख को पलटने में मदद मिलेगी।

कंपनी ने बयान में कहा कि बंगाल की खाड़ी में गहरे पानी के केजी-डीडब्ल्यूएन-98/2 ब्लॉक से पहला तेल सात जनवरी को निकला है। कंपनी ने कहा है कि वह धीरे-धीरे यहां से उत्पादन बढ़ाएगी।

पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर इस ब्लॉक से उत्पादन शुरू होने की घोषणा की। हालांकि, न तो उन्होंने न ही कंपनी ने यह बताया है कि अभी कितनी मात्रा में तेल का उत्पादन हुआ है।

उन्होंने मौजूदा उत्पादन के बारे में कोई संकेत न देते हुए कहा कि कच्चा तेल उत्पादन प्रतिदिन 45,000 बैरल और गैस उत्पादन एक करोड़ घनमीटर प्रतिदिन रहने की उम्मीद है। ओएनजीसी ने बयान में कहा कि 98/2 परियोजना से उसकी कुल तेल और गैस उत्पादन क्षमता में क्रमश: 11 प्रतिशत और 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी।

# मर्सिडीज बेंज इस साल भारत में करेगी 200 करोड़ रुपए का निवेश, पेश करेगी 12 नए मॉडल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** जर्मनी की लक्जरी कार विनिर्माता मर्सिडीज बेंज नए उत्पाद पेश करने, विनिर्माण परिचालन और डिजिटलीकरण पर इस साल 200 करोड़ रुपए का निवेश करेगी। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि पिछले साल भारत में उसने रिकॉर्ड 17,408 गाड़ियां बेची हैं।

मर्सिडीज बेंज इंडिया 2024 में तीन इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) समेत 12 से ज्यादा नए वाहन बाजार में उतारेगी। इनमें से आधे मॉडल शीर्ष वाहन खंड (टीईवी) होंगे, जिनकी कीमत 1.5 करोड़ रुपए से ज्यादा होगी। मर्सिडीज बेंज इंडिया के प्रबंध निदेशक (एमडी) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संतोष अय्यर ने पीटीआई-भाषा से कहा, यह साल विशेष है क्योंकि हम भारत में मर्सिडीज बेंज के 30 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे हैं। हम पुणे में अपने कारखाने में 200 करोड़ रुपए और निवेश करने जा रहे हैं। इससे अब भारत में हमारा कुल निवेश 3,000 करोड़ रुपए हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ये निवेश विनिर्माण कार्यों, नए उत्पाद स्टार्टअप और विनिर्माण प्रक्रिया के डिजिटलीकरण की दिशा में होंगे। अय्यर ने कहा कि पिछले साल कंपनी ने 10 प्रतिशत वृद्धि के साथ भारत में अपनी अबतक की सर्वाधिक 17,408 गाड़ी बिक्री का रिकॉर्ड बनाया। मर्सिडीज बेंज की इससे पहले सर्वाधिक बिक्री 2022 में 15,822 इकाई रही थी। इस साल को लेकर अय्यर ने कहा कि कंपनी आपूर्ति और मांग में अस्थिरता के बावजूद दहाई अंक में वृद्धि की उम्मीद कर रही है। इस समय कंपनी के पास 3,000 गाड़ियों की बुकिंग है। नए उत्पादों पर अय्यर ने कहा, हम 2024 में 12 से ज्यादा नई कार लाइन पेश करने पर विचार कर रहे हैं।

# ईडी ने सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका का विरोध करते हुए दलील दी कि उनकी अर्जी को देखकर पता चलता है कि उन्हें राहत देने के बारे में सोचने की कोई जरूरत नहीं है।

इसने कहा कि याचिकाकर्ता बहुत प्रभावशाली और शक्तिशाली हैं तथा जमानत मिलने पर वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं या गवाहों को धमका सकते हैं।

प्रवर्तन निदेशालय ने चेन्नई की एक अदालत में कहा कि इसके बजाय अदालत को अभियोजन पक्ष के गवाहों की सूची को तलब करके मुकदमा शुरू करने और आरोप साबित करने पर विचार करना चाहिए जिसके लिए पर्याप्त सबूत हैं।

ईडी के उपनिदेशक और इस मामले के जांच अधिकारी कार्तिक दासारी ने सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका के जवाब में दाखिल अपने हलफनामे में यह बात कही। बालाजी को धनशोधन के एक मामले में जून 2023 में गिरफ्तार किया गया था।

प्रधान सत्र न्यायाधीश एस अली ने मामले में आगे की सुनवाई के लिए नौ जनवरी की तारीख तय की। उनके समक्ष जवाबी हलफनामा दायर किया गया था। ईडी ने कहा कि बालाजी तमिलनाडु की सरकार में बिना प्रभार के मंत्री बने हुए हैं और इस जमानत याचिका को दायर करने की तारीख तक मंत्री के विशेषाधिकारों का लाभ उठा रहे हैं।






# वैश्विक निवेशक सम्मेलन में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएम) 2024 के दौरान विभिन्न कंपनियों ने राज्य में छह लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव किये हैं। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने सोमवार को यह जानकारी दी।

जीआईएम 2024 के समापन सत्र में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कंपनियों ने तमिलनाडु में कुल 6,64,180 करोड़ रुपये का निवेश करने की प्रतिबद्धता जताई है। इससे राज्य में प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 26,90,657 लाख नौकरियां सृजित होंगी। इस दौरान प्रदेश के मंत्रियों के अलावा महिंद्रा समूह के 'आनंद महिंद्रा और ट्रैक्टर्स एवं कृषि उपकरण लिमिटेड' (टैफे) लिमिटेड की प्रमुख मल्लिका श्रीनिवासन जैसे दिग्गज उद्योगपति मौजूद रहे। स्टालिन ने उद्योगपतियों को आश्वासन दिया कि नए निवेश के लिए सभी जरूरी मंजूरियां एकल खिड़की 'मंजूरी' के माध्यम से जारी की जाएंगी।

## अशोक लेलैंड की तमिलनाडु में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना

**चेन्नई।** हिंदुजा समूह की कंपनी अशोक लेलैंड ने अगले तीन से पांच वर्षों में समग्र व्यापार विस्तार के लिए तमिलनाडु में 1,200 करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी शेनु अग्रवाल ने यहां आयोजित वैश्विक निवेशक सम्मेलन (जीआईएम) के अंतिम दिन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन की मौजूदगी में उद्योग विभाग के सचिव वी अरुण रॉय के साथ इस निवेश संबंधी दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया।

भारी वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता ने एक विज्ञप्ति में कहा कि नवाचार, तकनीकी प्रगति और समग्र व्यापार विस्तार को बढ़ावा देने के लिए रणनीतिक पहल के लिए 1,200 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्ताव राज्य सरकार को सौंपा गया है। इस बीच, ट्रैक्टर और कृषि उपकरण बनाने वाली कंपनी टैफे लिमिटेड ने भी तमिलनाडु में 500 करोड़ रुपये के निवेश से संबंधित एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

इस निवेश का इस्तेमाल कंपनी कृषि उपकरण प्रभाग के विस्तार के अलावा 'साइलेंट जेनरेटर' की असेंबली और निर्यात के लिए अपनी विनिर्माण सुविधा बढ़ाने के लिए करेगी।



## अदाणी ग्रुप तमिलनाडु में 42,768 करोड़ रुपये का निवेश करेगा

**चेन्नई।** मल्टी-बिजनेस अदाणी ग्रुप ने तमिलनाडु में ऊर्जा, सीमेंट विनिर्माण, डेटा सेंटर, सिटी गैस वितरण में 42,768 करोड़ रुपये का निवेश करने और 10,300 रोजगार के अवसर पैदा करने का फैसला किया है। ग्रुप ने तमिलनाडु ग्लोबल इन्वेस्टर्स मीट 2024 के दौरान इस फैसले की घोषणा की। निवेशकों की बैठक में अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लि. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी और तमिलनाडु सरकार द्वारा एमओयू का भी आदान-प्रदान किया गया। अदाणी समूह की विभिन्न कंपनियों द्वारा निवेश का विवरण अदाणी ग्रीन 24,500 करोड़ रु. (रोजगार 4,000), अंबुजा सीमेंट्स 3,500 करोड़ रु. (5,000), अदाणी कॉननेक्स 13,200 करोड़ रु. (1,000) और अदाणी टोटल गैस एंड सीएनजी 1,568 करोड़ रुपये (300)।

## हुंदै तमिलनाडु में 6,180 करोड़ रुपये का निवेश करेगी

**चेन्नई/नई दिल्ली।** हुंदै मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) तमिलनाडु में हाइड्रोजन संसाधन केंद्र स्थापित करने और विभिन्न अन्य पहल पर 6,180 करोड़ रुपये का निवेश करेगी। कंपनी ने सोमवार को यह घोषणा की। इससे पहले हुंदै ने 2023 से 2032 के दौरान 10 साल में इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण, चार्जिंग बुनियादी ढांचे और कौशल विकास में अपने प्रयासों को बढ़ाने के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की घोषणा की थी। यह 6,180 करोड़ रुपये का निवेश इसके अतिरिक्त है। कंपनी ने तमिलनाडु वैश्विक निवेशक सम्मेलन- 2024 के दौरान नए निवेश को लेकर राज्य सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। हुंदै मोटर इंडिया के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) उन्सू किम ने बयान में कहा, 6,180 करोड़ रुपये का यह निवेश राज्य में सामाजिक-आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने और देश को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयासों को मजबूत करने की हमारी प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

समीक्षा बैठक — दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई में सोमवार को युवा कल्याण एवं खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने 'खेलो इंडिया' प्रतियोगिताओं के संचालन के लिए की गई व्यवस्थाओं पर एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

# उच्चतम न्यायालय 'जल्लीकट्टू' कानून की वैधता के फैसले की समीक्षा याचिकाओं पर विचार करेगा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय तमिलनाडु में सांडों को वश में करने वाले खेल 'जल्लीकट्टू' को अनुमति देने के लिए राज्य की ओर से कानून में किए गए संशोधनों की वैधता को बरकरार रखने वाले अपने 2023 के फैसले की समीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर विचार करने के लिए सोमवार को सहमत हो गया। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलें सुनते हुए कहा कि समीक्षा याचिकाओं को सूचीबद्ध करने और इन पर विचार करने की जरूरत है।





सीजेआई ने कहा, ''मैं आज (याचिकाओं की सूची पर) ईमेल देखूंगा।'' आमतौर पर, समीक्षा याचिकाओं पर शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों द्वारा चैंबर में विचार किया जाता है। न्यायमूर्ति के एम जोसेफ (सेवानिवृत्त) के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने पिछले साल 18 मई को तमिलनाडु, महाराष्ट्र और कर्नाटक के उन संशोधन अधिनियमों की वैधता को बरकरार रखते हुए सर्वसम्मति से फैसला सुनाया था, जिसमें 'जल्लीकट्टू', बैलगाड़ी दौड़ और भैंसा दौड़ 'कंबाला' को अनुमति दी गई है।

# तमिलनाडु निवासी सबरीमला तीर्थयात्री की बस दुर्घटना में मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/कोट्टायम।** केरल के सबरीमला में स्थित भगवान अयप्पा के प्रसिद्ध मंदिर के लिए जा रही तीर्थ यात्रियों की बस रविवार रात मुंडक्कयम में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें तमिलनाडु निवासी एक श्रद्धालु की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसे में 10 अन्य श्रद्धालु भी घायल हो गये हैं। मृतक की पहचान तमिलनाडु के निवासी रामकृष्ण सेल्वाराज के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा, बस में कुल 22 यात्री सवार थे और वे सभी सबरीमला जा रहे थे। मुंडक्कयम के पास एक मोड़ पर अचानक हादसा हो गया। पुलिस ने बताया कि हादसा देर रात करीब साढ़े 12 बजे से एक बजे के बीच हुआ। घायलों को नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है।

# तमिलनाडु में भारी बारिश, कई जिलों में स्कूलों में छुट्टी घोषित



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में उत्तरी क्षेत्र समेत कई हिस्सों में रातभर बारिश हुई, जिसके कारण अधिकारियों को कई जिलों में सोमवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित करनी पड़ी। चेन्नई और पड़ोसी चेंगलपट्टू और कांचीपुरम के अलावा विल्लुपुरम, कल्लाकुरीची, कडलूर, नागपत्तिनम और तिरुवरुर में अच्छी बारिश हुई।

चेंगलपट्टू, रानीपेट, वेलूर और कल्लाकुरीची सहित कई जिलों के स्कूलों में एक दिन की छुट्टी घोषित की गई। नागपत्तिनम जिला प्रशासन ने नागपत्तिनम और कीलवेलूर क्षेत्र में स्कूलों और कॉलेजों की छुट्टी घोषित कर दी है। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने कहा कि जिले में सात जुलाई को सुबह आठ बजकर 30 मिनट से सोमवार सुबह पांच बजकर 30 मिनट तक सबसे अधिक 167 मिलीमीटर बारिश हुई। इस अवधि के दौरान पुडुचेरी के करैक्कल में 122 मिमी बारिश हुई।

## पुडुचेरी में भारी बारिश ने बढ़ाई परेशानी, स्कूलों में छुट्टी घोषित

**पुडुचेरी।** पुडुचेरी में 24 घंटे से लगातार जारी बारिश के कारण सोमवार को जनजीवन प्रभावित रहा और स्कूलों एवं कॉलेजों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। मुख्यमंत्री एन. रंगास्वामी ने घोषणा की कि सोमवार को केंद्र शासित प्रदेश में सभी स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिमी में पूरवा हवाओं के कम दबाव क्षेत्र के कारण भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण मछुआरे समुद्र में नहीं जा पाए। निचले इलाकों में पानी भर गया है। केंद्र शासित प्रदेश के कई हिस्सों में फसलों को भी नुकसान हुआ है।

## विवादित मस्जिदों से दावा नहीं छोड़ने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे : ईश्वरप्पा



**बेलगावी।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता के.एस. ईश्वरप्पा की मस्जिदों को लेकर दिए बयान ने राजनीति तूफान ला दिया है। ईश्वरप्पा ने मुसलमानों से विवादित स्थलों पर बनी मस्जिदों से दावा छोड़ने की अपील करते हुए कहा है कि अगर ऐसा नहीं किया, तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

उन्होंने रविवार को यहां कहा, ''एक और बात मैं कहना चाहता हूं। अदालत ने मथुरा कृष्ण जन्मभूमि पर आदेश दिया है। हम आज या कल वहां मंदिर बनाएंगे। इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए। जिस भी कोने में वे (मस्जिदें) हैं, यदि आप निर्णय लें, तो आप (मुसलमान) शांति से रह सकते हैं। यदि नहीं, तो हत्याएं हो सकती हैं, कुछ और हो सकता है, हम नहीं जानते।'' ईश्वरप्पा ने हालांकि कहा कि उनकी पार्टी आजादी के बाद गैर-विवादित स्थलों पर बनी मस्जिदों को मुद्दा नहीं बनाएगी। उन्होंने कहा, ''हम चाहते हैं कि हिंदू और मुस्लिम भाई-भाई की तरह रहें।'' उन्होंने कहा, ''यदि मंदिर स्थलों पर विवादित मस्जिदें बनाई गई हैं, तो सम्मान के साथ उन पर (दावा) वापस लें। हम वहां अपने मंदिर बनाएंगे। आजादी के बाद जहां भी आपने (मुसलमानों ने) मस्जिदें बनाई हैं, हम कोई मुद्दा नहीं बनाएंगे।'' उन्होंने कहा, हमारे जिन मंदिरों को आपने तोड़ा है, अयोध्या में राम मंदिर का उद्घाटन इसकी शुरुआत है।

# बेलगावी के बारे में मंत्री के बयान की विपक्ष ने की तीखी आलोचना



**बेलगावी।** विपक्षी भाजपा और जनता दल (एस) ने कर्नाटक की मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है कि बेलगावी स्वतंत्रता से पहले 'महाराष्ट्र का हिस्सा' था। बेलगावी निवासी हेब्बालकर ने करडगा गांव में कन्नड़ साहित्यकारों के सम्मेलन के दौरान अपने संबोधन में यह बात कही थी। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री ने कहा था, स्वतंत्रता से पहले कर्नाटक और महाराष्ट्र में कई समानताएं थीं। बेलगावी महाराष्ट्र का हिस्सा था और हम गर्मजोशी के साथ रहते थे। मंत्री के बयान की विपक्षी दलों ने तीखी आलोचना की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बी. वाई. विजयेंद्र ने कहा कि इन टिप्पणियों से मंत्री ने कर्नाटक की संप्रभुता और अंतरराज्यीय सीमा पर भाषाई सद्भाव को बिगाड़ने का प्रयास किया है। उन्होंने उन्हें राज्य मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त करने की मांग की। यह इस चुनावी मौसम में सौहार्दपूर्ण समाज में आग लगाने के लिए एक जिम्मेदार पद पर बैठे मंत्री की राजनीतिक नौटंकी के अलावा और कुछ नहीं है, जो खुद को 'कन्नदत्ती' (कर्नाटक का मूल निवासी) कहने में गर्व महसूस करती हैं।''

# घर की दीवार गिरने से लड़की की मौत, किशोर घायल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवरूर।** तमिलनाडु के तिरुवरूर जिले के ओथावीदु गांव में सोमवार की सुबह एक घर की दीवार का हिस्सा ढह जाने से नौ वर्षीय लड़की की मौत हो गई, जबकि उसका बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस ने बताया कि मृत लड़की पहचान प्रायमरी की छात्रा आर.मोनिशा के रूप में की गयी है। उसके भाई आर.मोहनदोस (12) को तिरुवरूर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना में बच्चों के माता-पिता बच गए। जिले में रविवार रात से हो रही भारी बारिश के कारण दीवारें काफी भीग गईं थी।

राज्य के डेल्टा, दक्षिणी, उत्तरी और मध्य जिलों के कुछ हिस्सों में भारी बारिश हुई। कई जिलों में भारी बारिश के कारण शैक्षणिक संस्थानों में छुट्टी कर दी गयी है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने उत्तर में विल्लुपुरम, तिरुवन्नमलाई, रानीपेट, वेल्लोर, दक्षिण में कन्याकुमारी, थूथुकुडी, तिरुनेलवेली, रामनाथपुरम सहित विभिन्न जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है।

# अंततः हम सभी हिंदू हैं : राममंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह मनाने के कर्नाटक सरकार के निर्णय पर शिवकुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु/तिरुवनंतपुरम।** केरल के दौरे पर आये कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार ने 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का जश्न मनाने के अपनी सरकार के फैसले का बचाव करते हुए सोमवार को कहा, अंतत: हम सभी हिंदू हैं। वह रामचंद्रन फाउंडेशन पुरस्कार समारोह में भाग लेने के लिए केरल राज्य की राजधानी तिरुवनंतपुरम पहुंचने के बाद संवाददाताओं से बात कर रहे थे।

शिवकुमार ने कर्नाटक की कांग्रेस सरकार द्वारा राज्य भर के मंदिरों में प्राण-प्रतिष्ठा समारोह मनाए जाने पर संवाददाताओं के सवाल के जवाब में कहा, देखिये, अंतत: हम सभी हिंदू हैं। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि कांग्रेस आलाकमान ने अयोध्या में आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने का फैसला क्यों नहीं किया, उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में कौन शामिल होगा, इस पर भाजपा शासित केंद्र चुनिंदा रवैया अपना



रहा है। राम मंदिर के परोक्ष संदर्भ में शिवकुमार ने यह भी कहा कि यह कोई निजी संपत्ति नहीं है। उन्होंने कहा, ''वे (भाजपा) नेताओं के चयन में चुनिंदा रवैया अपना रहे हैं। देश में बहुत सारे नेता और मुख्यमंत्री हैं। यह कोई निजी संपत्ति नहीं है। यह सार्वजनिक संपत्ति है। कोई भी धर्म और प्रतीक किसी व्यक्ति का नहीं है।'' कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए निमंत्रण मिला है। शिवकुमार ने कहा, हम सभी लोगों की भावनाओं का सम्मान करते हैं। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में अल्पसंख्यकों, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और हिंदू धर्म के लिए विभाग हैं। उच्चतम न्यायालय ने 2019 में एक ऐतिहासिक फैसले में अयोध्या में विवादित स्थल पर एक सरकारी ट्रस्ट द्वारा राम मंदिर के निर्माण का समर्थन किया था और फैसला सुनाया था कि हिंदुओं द्वारा पवित्र माने जाने वाले शहर में एक मस्जिद के लिए पांच एकड़ का वैकल्पिक भूखंड खोजा जाना चाहिए। इसके परिणामस्वरूप, अयोध्या को वहां बन रहे भव्य राम मंदिर की 'प्राण प्रतिष्ठा' समारोह के लिए सजाया जा रहा है, जो 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मौजूदगी में होगा।

# राजस्थान में सत्तारूढ़ भाजपा को करारा झटका, विधानसभा चुनाव में मंत्री टीटी हारे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी


रुपिन्दर सिंह कुन्नर

जयपुर। राजस्थान में नवगठित भारतीय जनता पार्टी सरकार को सोमवार को उस समय करारा झटका लगा जब विपक्षी कांग्रेस के प्रत्याशी रुपिन्दर सिंह कुन्नर ने करणपुर विधानसभा सीट जीत ली। कुन्नर ने इस सीट के लिए चुनाव में भाजपा के उम्मीदवार और राज्यमंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 11283 वोटों से हराया। भाजपा ने इस सीट से चुनाव लड़ रहे टीटी को न केवल मंत्री बनाया बल्कि उन्हें विभाग भी आवंटित कर दिए थे। कांग्रेस प्रत्याशी और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह के निधन के कारण इस सीट पर चुनाव स्थगित किया गया था। विजेता रुपिंदर, गुरमीत सिंह के बेटे हैं। यहां पांच जनवरी को मतदान हुआ था जिसकी गिनती सोमवार को हुई।

निर्वाचन विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार कांग्रेस प्रत्याशी रुपिन्दर सिंह को 94,950 वोट मिले जबकि टीटी को 83,667 वोट मिले। तीसरे नंबर पर रहे आम आदमी पार्टी प्रत्याशी पिरथीपाल सिंह को 11940 वोट मिले।

इस जीत के साथ ही राज्य की 200 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या बढ़ कर 70 हो गई है। प्रदेश में सत्तारूढ़ भाजपा के 115 विधायक हैं। इस हार को राज्य में लगभग एक महीने पहले ही सत्ता में आने वाली भाजपा के लिए करारा राजनीतिक झटका माना जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करणपुर सीट से चुनाव लड़ रहे सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 30 दिसंबर को बतौर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्रिपरिषद में शामिल किया था। उन्हें कृषि विपणन विभाग, इंदिरा गांधी नहर विभाग तथा अल्पसंख्यक मामलात एवं वक्फ विभाग दिया गया था, लेकिन उन्होंने कार्यभार ग्रहण नहीं किया था।

टीटी के लिए यह लगातार दूसरी हार है। साल 2018 में हुए पिछले विधानसभा चुनाव में वह तीसरे स्थान पर रहे थे। मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने इस हार पर सत्तारूढ़ भाजपा पर निशाना साधा। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि इलाके की जनता ने भाजपा को सबक सिखाया है। गहलोत ने 'एक्स' पर लिखा, 'करणपुर की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के अभिमान को हराया है। चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाकर आचार संहिता और नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा को जनता ने सबक सिखाया है।

गहलोत ने लिखा, करणपुर में कांग्रेस प्रत्याशी रुपिन्दर सिंह कुन्नर को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह जीत दिवंगत गुरमीत सिंह कुन्नर के जनसेवा कार्यों को समर्पित है। जीत के बाद रुपिन्दर सिंह ने कहा, मैं करणपुर के सभी मतदाताओं का आभार व्यक्त करता हूं। जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में, सरकार का इतना दबाव होते हुए भी ... कई केंद्रीय मंत्रियों के प्रचार के लिए आने के बावजूद ... सबको नकारते हुए लोकतंत्र की जीत करवाई है।' उन्होंने कहा कि वह इलाके की जनता को निराश नहीं करेंगे।

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यह जनादेश भाजपाई तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक नीति पर करारा तमाचा है। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, जब देश की संवैधानिक संस्थाएं अपना दायित्व भूल जाएं, तब जनता की अदालत में न्याय होता है। करणपुर की स्वाभिमानी जनता-जनार्दन को कोटिश: प्रणाम। करणपुर का यह जनादेश भाजपाई तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक नीति पर करारा तमाचा है।'

कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने लिखा, 'भाजपा ने आचार संहिता व संविधान की धज्जियां उड़ते हुए चुनाव के बीच ही अपने प्रत्याशी को मंत्री पद देकर लोगों को लालच देने की कोशिश की लेकिन तमाम कोशिशें के बावजूद करणपुर की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में अपना आशीर्वाद दिया।' वहीं सत्तारूढ़ भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि हार के कारणों की समीक्षा की जाएगी। पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी कांग्रेस उम्मीदवार को जिताने के लिए क्षेत्र के मतदाताओं का आभार जताया।

उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा, 'मुझे खुशी है कि करणपुर की स्वाभिमानी जनता ने कांग्रेस की रीति-नीति और विचारधारा पर विश्वास जता कर प्रगति, खुशहाली और अपने सुरक्षित भविष्य को चुना है।' राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ। इसका परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया गया। इसमें भाजपा को 115 व कांग्रेस को 69 सीटें मिलीं। भजनलाल शर्मा ने 15 दिसंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी। कांग्रेस प्रत्याशी और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण करणपुर सीट पर चुनाव स्थगित कर दिया गया था।

## संवाद



जयपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत मोदी की गारंटी वाली गाड़ी के माध्यम से जयपुर के जगतपुरा में आयोजित लाभार्थियों से वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित पार्टी कार्यकर्तागण एवं आमजन ने हिस्सा लिया।

# जनता ने सत्तारूढ़ भाजपा को सबक सिखाया : गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com





जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रुपिंदर सिंह कुन्नर की जीत पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए सोमवार को कहा कि इलाके की जनता ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी को सबक सखिाया है। उल्लेखनीय है कि करणपुर सीट पर पांच जनवरी को हुए मतदान के लिये मतों की गिनती सोमवार को हुई। इसमें कांग्रेस के रुपिंदर सिंह कुन्नर ने भाजपा के उम्मीदवार और मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 11283 मतों से हराया।

इस जीत के साथ ही राज्य की 200 सीटों वाली विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 70 हो गई है जबकि भाजपा के विधायकों की संख्या 115 है। गहलोत ने 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, करणपुर में कांग्रेस प्रत्याशी रुपिन्दर सिंह कुन्नर को जीत की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। यह जीत दिवंगत गुरमीत सिंह कुन्नर के जनसेवा कार्यों को समर्पित है।

उन्होंने लिखा, करणपुर की जनता ने भारतीय जनता पार्टी के अभिमान को हराया है। चुनाव के बीच प्रत्याशी को मंत्री बनाकर आचार संहिता एवं नैतिकता की धज्जियां उड़ाने वाली भाजपा को जनता ने सबक सिखाया है।' कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि यह जनादेश भाजपाई तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक नीति पर करारा तमाचा है। उन्होंने लिखा, जब देश की संवैधानिक संस्थाएं अपना दायित्व भूल जाएं, तब जनता की अदालत में न्याय होता है। करणपुर की स्वाभिमानी जनता-जनार्दन को कोटिश: प्रणाम। करणपुर का यह जनादेश भाजपाई तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक नीति पर करारा तमाचा है।' पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भी कांग्रेस उम्मीदवार को जिताने के लिए क्षेत्र के मतदाताओं का आभार जताया। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा,'मुझे खुशी है कि करणपुर की स्वाभिमानी जनता ने कांग्रेस की रीति-नीति और विचारधारा पर विश्वास जता कर प्रगति, खुशहाली और अपने सुरक्षित भविष्य को चुना है।'

राज्य में विधानसभा की 200 में से 199 सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ। इसका परिणाम तीन दिसंबर को घोषित किया गया। इसमें भाजपा को 115 व कांग्रेस को 69 सीटें मिलीं थीं। करणपुर गंगानगर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी और तत्कालीन विधायक गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। यहां भाजपा ने सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को उम्मीदवार बनाया तो कांग्रेस ने कुन्नर के बेटे रुपिंदर सिंह को टिकट दी। सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने करणपुर सीट से चुनाव लड़ रहे सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी को 30 दिसंबर को बतौर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मंत्रिपरिषद में शामिल कर लिया।

## निर्देश


मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को ओटीएस स्थित मुख्यमंत्री निवास पर जनसुनवाई की। उन्होंने आमजन से उनकी परिवेदनाओं के बारे में जानकारी ली। शर्मा ने कहा कि जनता की हर समस्या का निराकरण करना सरकार का मूल कर्तव्य है। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकार के लम्बित प्रकरणों का त्वरित गति से निस्तारण करने के लिए निर्देश दिए।

# सरिस्का बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या बढ़ायी जाएगी : शर्मा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

अलवर। राजस्थान के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री संजय शर्मा ने कहा है कि राज्य के सबसे बड़े सरिस्का बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या बढ़ायी जायेगी। शर्मा ने यूनीवार्ता से कहा कि जिस तरीके से गुजरात में अभयारण्य के आसपास रहने वाले लोगों को वहीं रोजगार मिल रहा है, उसी तरह राजस्थान में भी ऐसे गांवों में पेइंग गेस्ट के आधार पर काम करने का मौका ग्रामीणों को मिलना चाहिये, जिससे वहां पर्यटक भी आकर रुकें, उन्हें सुविधा उपलब्ध हो और ग्रामीणों को रोजगार भी मिले।

उन्होंने कहा, मेरी सोच यह है कि जंगल से ग्रामीणों का विस्थापन नहीं हो और वहीं उनके रोजगार के साधन उपलब्ध हों, जिससे उनके सामने आजीविका का संकट पैदा नहीं हो। ग्रामीण जंगलों और वन्यजीवों की रक्षा भी करेंगे। इस संबंध में वह मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से बात करेंगे और एक नीति बनायेंगे, जिससे ग्रामीण हित सुरक्षित रह सकें। सरिस्का में बाघों की संख्या को और बढ़ाया जायेगा। इससे पर्यटकों को टाइगर आसानी से दिखाई दें। राजस्थान में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये सरिस्का को राष्ट्रीय उद्यान का दर्जा दिलाने के लिये वह मुख्यमंत्री और केंद्रीय वन मंत्री से बात करेंगे। सरिस्का के जंगल से निकलने वाले मार्ग पर एलिवेटेड रोड बनाने का भी प्रस्ताव है, जिसे शीघ्र ही मूर्त रूप दिया जाएगा।



# चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री ने किया एसएमएस मेडिकल कॉलेज का दौरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने सोमवार प्रातः सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज पहुंचकर माइक्रोबायोलॉजी लैब में आगजनी की घटना का निरीक्षण किया। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रीमती शुभ्रा सिंह, चिकित्सा शिक्षा आयुक्त शिवप्रसाद नकाते, एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. राजीव बगरहट्टा सहित संबंधित अधिकारीगण उनके साथ मौजूद रहे।

चिकित्सा मंत्री ने दमकल और पुलिस दलों द्वारा आग बुझाने की कार्यवाही पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने एसएमएस मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य को आग लगने की घटना की जांच के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। साथ ही, भविष्य में ऐसी घटनाओं की रोकथाम के लिए समुचित कदम उठाने तथा माइक्रोबायोलॉजी लैब में हुए संसाधनों के नुकसान का शीघ्र आकलन कर समस्त व्यवस्थाएं जल्द से जल्द सुचारू करने के निर्देश दिए। उन्होंने लैब में मरीजों की जांच सेवाओं को यथावत बनाये रखने हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाएं शुरू करने पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।

चिकित्सा मंत्री के निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ माइक्रोबायोलॉजिस्ट डॉ. भारती मल्होत्रा ने बताया कि लैब के कोल्ड स्टोरेज रूम में शॉर्ट सर्किट होने से आग लगी।

अलार्म बजने एवं दमकलों के समय से पहुंचने के कारण आग पर समय रहते काबू पा लिया गया। इससे किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है। कोल्ड स्टोरेज में रखी विभिन्न जांच किट, सीसीटीवी कैमरा, एसी की आउटर यूनिट आदि आग की चपेट में आए हैं, लेकिन प्राथमिक तौर पर ज्यादा नुकसान नहीं हुआ है।

उन्होंने बताया कि दूसरे स्टोरेज में जांच किट्स उपलब्ध हैं। विभाग में ही दूसरी लैब में वैकल्पिक व्यवस्था कर जांच शुरू कर दी गई है और आरयूएचएस में भी जांच की व्यवस्था उपलब्ध है। आग की घटना के कारण जांच एवं ऑपरेशन आदि प्रभावित नहीं होंगे। उन्होंने बताया कि जांच किट की और खरीद भी जल्द कर ली जाएगी। साथ ही, सिविल रिपेयर के कार्यों को भी शीघ्र पूरा किया जाएगा।

# विकसित भारत के संकल्प के लिए उच्च शिक्षा से जुड़े युवा आगे आकर पहल करें : कलराज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। राजस्थान के राज्यपाल कलराज मिश्र ने सोमवार को 'विकसित भारत-2047' के लिए विश्वविद्यालयों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाने के साथ ही वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप अपने आपको तैयार करने पर बल देते हुए कहा है कि विकसित भारत के संकल्प के लिए उच्च शिक्षा से जुड़े युवाओं को आगे आकर पहल करनी चाहिए। मिश्र ने यहां राजस्थान विश्वविद्यालय के 78वें स्थापना दिवस पर संबोधित करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय शैक्षिक गुणवत्ता, शोध-अनुसंधान की मौलिक दृष्टि के साथ अपने आपको इस तरह से विकसित करे कि विदेशों से अभिभावक अपने बच्चों को भारत पढ़ने के लिए भेजने के लिए उत्सुक रहें। उन्होंने विकसित भारत के संकल्प के लिए उच्च शिक्षा से जुड़े युवाओ को आगे आकर महती भूमिका निभाने का भी आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय वह स्थान है जहां से ज्ञान के बीज अंकुरित होते हैं। यहीं से युवा पीढ़ी भविष्य में कुछ बनने के स्वपन्न संजोती है। उन्होंने कहा कि आजादी के सौ वर्ष पूर्ण होने के अमृतकाल में न केवल विकास के लिए निरंतर कार्य करना है बल्कि आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक तथा लैंगिक असमानताओं को दूर कर तेजी से आगे बढ़ने की भी जरूरत है। देश के विश्वविद्यालयों को इसका संवाहक बनना चाहिए।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालयों को अपने यहां ऐसे पाठ्यक्रम निर्मित करने पर जोर दिया जो युवाओं को कौशल संपन्न करने के साथ ही उनकी भविष्य की दृष्टि को विकसित कर सके। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए समग्र शिक्षा, कौशल विकास और प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर भी विशेष कार्य करने की आवश्यकता है। मिश्र ने राजस्थान विश्वविद्यालय के गौरवमय इतिहास की चर्चा करते हुए विश्वविद्यालय को भविष्य का ऐसा रोडमैप बनाने के लिए भी कहा जिससे यहां गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शोध की मौलिक दृष्टि के साथ युवा उद्यमिता विकास के लिए प्रभावी कार्य हो सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा अनुभवों के निरंतर पुनर्निर्माण से जीवन जीने की प्रक्रिया है। यह विद्यार्थियों में निहित उन तमाम क्षमताओं का विकास करती है जो उसे भविष्य की चुनौतियों से मुकाबला करने के लिए सक्षम बनाती है। उन्होंने नई शिक्षा नीति के आलोक में शिक्षा का व्यावहारिक बनाने, खेल और सांस्कृतिक प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करने और विश्वविद्यालय के आदर्श वाक्य धर्मो विश्वस्य जगतः प्रतिष्ठा के संदर्भ में समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहते हुए 'विकसित भारत 2047' में सभी को मिलकर योगदान देने का आह्वान किया।

इससे पहले मिश्र ने विश्वविद्यालय में मानविकी पीठ के नवीनीकरण के हुए कार्यों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री डा प्रेमचंद बैरवा ने विश्वविद्यालयी शिक्षा के जरिए युवाओं को भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाने पर जोर दिया। डॉ बैरवा ने कहा कि विश्वविद्यालय में रिक्त पद भरने के लिए प्रभावी प्रयास होंगे। सांसद रामचरण बोहरा ने नई शिक्षा नीति के साथ विकसित भारत के लिए चुनौतियों को अवसरों में बदलने की बात कही।

# अयोध्या विश्व का सबसे बड़ा तीर्थस्थल बनेगा : देवनानी

अजमेर। राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि अयोध्या नगरी विश्व का सबसे बड़ा तीर्थस्थल बनेगा। देवनानी ने सोमवार को अजमेर के लोहागल क्षेत्र में रोटियाँ सेकने की मशीन को आयोध्या के लिये हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मां सीता की भोजनशाला में अजमेर की मशीनों के जाने से हम सब को पुण्य प्राप्त होगा।

उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को श्रीराम भगवान का गर्भगृह में विराजमान होना देश का सौभाग्य है। वर्षो की तपस्या, त्याग, बलिदान के बाद करोड़ों हिन्दुओं की भावना के अनुसार श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। उन्होंने कहा कि अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को अजमेर में निर्मित मशीनों के जरिये गर्म रोटी मिलेगी, यह भी पुण्य से कम नहीं।

# अयोध्या ले जाई जा रही 3610 किलोग्राम वजनी अगरबत्ती का स्वागत

भरतपुर। अयोध्या में 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिये एक ट्रेलर पर लादकर गुजरात से अयोध्या ले जाई जा रही 3610 किलोग्राम वजनी अगरबत्ती का सोमवार को यहां श्रद्धालुओं ने स्वागत किया। 108 फुट लंबी इस अगरत्ती को लेकर यह ट्रेलर के आगरा - जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 21 के रास्ते भरतपुर पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने जय श्रीराम के जयकारों के साथ पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। गुजरात में तैयार की गयी इस अगरवत्ती को बनाने में छह महीने लगे। यह अगरबत्ती करीब डेढ़ महीने तक जलेगी और 50 किलोमीटर के इलाके में खुशबू फैलाएगी। इस अगरबत्ती की चौड़ाई करीब साढ़े तीन फुट है। अगरबत्ती का निर्माण करने वाले गुजरात निवासी बिहा भरबाड़ ने बताया कि अगरबत्ती को देसी गाय के गोबर घी धूप सामग्री सहित अनेक प्रकार की जड़ी-बूटियां मिलाकर बनाया गया है।

# कुएं में गिरने से दंपती की मौत

जयपुर। राजस्थान के शाहपुरा जिले के कोटड़ी थाना क्षेत्र में कुएं में गिरने से एक युगल की मौत हो गयी । पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कल्याणपुरा गांव में खेत पर रखवाली करने वाले कैलाश बंजारा की पत्नी सुगना पैर फिसल जाने से रविवार को कुएं में गिर गयी, जिसे बचाने के लिये वह भी कुएं में कूद गया । उन्होंने बताया कि इस घटना में दोनों की डूबने से मौत हो गयी। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया और इस संबंध में अपराध प्रक्रिया संहिता की धारा 174 के तहत मृग दर्ज कर जांच की जा रही है।



## झारखंड : मंदिर में मूर्तियों को किया गया क्षतिग्रस्त, स्थानीय लोगों का प्रदर्शन

**रांची/भाषा।** अज्ञात बदमाशों ने झारखंड की राजधानी रांची में एक मंदिर की मूर्तियों को कथित रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसके खिलाफ प्रदर्शन किया। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना रविवार रात बरियातू इलाके में हुई। अनुमंडल पदाधिकारी उत्कर्ष कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया, मंदिर के अंदर तीन-चार मूर्तियां क्षतिग्रस्त मिली हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बरियातू सड़क के एक हिस्से को अवरूद्ध कर दिया। कुमार ने कहा, हमने उन्हें आश्वस्त किया है कि कुछ दिनों में मूर्तियों की पुन:स्थापना की जाएगी। प्रदर्शनकारियों के साथ चर्चा के बाद रास्ता खाली कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि पुलिस घटना की जांच के तहत सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है।



## ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में इस सर्दियों में प्रवासी पक्षियों की संख्या में वृद्धि

**केंद्रपाड़ा/संबलपुर (ओडिशा)/भाषा।** ओडिशा के भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान में सर्दियों के मौसम में आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या में इस बार मामूली वृद्धि दर्ज की गई है। यह जानकारी वन विभाग की ओर से पक्षियों की नवीनतम गणना की रिपोर्ट से मिली। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल 1,39,959 पक्षियों की तुलना में इस साल आने वाले प्रवासी पक्षियों की संख्या बढ़कर 1,51,421 हो गई है। पिछले साल 144 प्रजाति के प्रवासी पक्षी राष्ट्रीय उद्यान आए थे, नवीनतम गणना में पक्षियों की 121 प्रजातियां देखी गईं है।

राजनगर मैंग्रोव (वन्यजीव) वन प्रभाग के प्रभागीय वन अधिकारी (डीएफओ), सुदर्शन गोपीनाथ यादव ने कहा, यह एक स्पष्ट संकेत है कि भितरकनिका अभी भी पक्षियों को आकर्षित करने के लिए एक अनुकूल स्थान है।

वार्षिक पक्षी गणना 6 जनवरी को की गई थी। उन्होंने कहा कि इस साल प्रवासी पक्षियों की संख्या में वृद्धि राजस्व और वन विभागों द्वारा अवैध झींगा बाड़ों के बड़े हिस्से को हटाने के बाद खुली जगह की उपलब्धता के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि उत्तरी गोलार्ध और लद्दाख जैसे ठंडे स्थानों के पक्षी भितरकनिका आर्द्रभूमि को उसके अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र के चलते पसंद करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में चिल्का और भितरकनिका आर्द्रभूमि शीतकालीन प्रवासी पक्षियों के पसंदीदा स्थान हैं।

इस बीच, एक वन अधिकारी ने कहा कि संबलपुर जिले के हीराकुड जलाशय में प्रवासी पक्षियों की गणना की जा रही है।

## गेल का परियोजना अधिकारी बनकर ठगी करने वाला बर्खास्त लेखपाल गिरफ्तार

**शाहजहांपुर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में गैस अथॉरिटी आफ इंडिया लिमिटेड (गेल) का परियोजना अधिकारी बनकर लाखों रुपए की ठगी करने वाले एक बर्खास्त लेखपाल को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने सोमवार को बताया कि हरदोई जिले के शाहाबाद कस्बे का रहने वाला रामनरेश शुक्ला लेखपाल था और फर्जी तरीके से जमीन दूसरे के नाम करने पर उसे साल 2012 में इसे बर्खास्त कर दिया गया था। उसके बाद उसने ठगी का जाल फैलाते हुए अपने को गेल इंडिया लिमिटेड का परियोजना अधिकारी बताकर शाहजहांपुर के निगोही में अपना कार्यालय खोल लिया। उन्होंने बताया कि शुक्ला ने लाखों रुपए लेकर 18 लोगों को अपने दफ्तर में विभिन्न पदों पर नौकरी दी थी। वह लोगों को फर्जी तरीके से गैस पाइप लाइन के सर्वे का काम देता था ताकि कर्मचारियों को लगे कि वे गेल में नौकरी कर रहे हैं। शुक्ला ने हाल ही में गैस पाइप लाइन बिछाने को लेकर 3200 करोड़ का एक जाली टेंडर निकाला था जिसे हासिल करने के लिए तीन लाख रुपए पंजीकरण शुल्क और नौ करोड़ रुपए की जमानत राशि जमा करने की बात कही गई थी।

# दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उत्तर प्रदेश देश के विकास का 'इंजन' बना : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का 'इंजन' बन रहा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को यहां योजना भवन में एक उच्चस्तरीय बैठक में उत्तर प्रदेश को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य की अद्यतन प्रगति की समीक्षा की।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश आज देश की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में देश के विकास का 'इंजन' बन रहा है।

यहां जारी एक सरकारी बयान के अनुसार योगी ने कहा कि पिछले साढ़े छह साल के नियोजित प्रयासों से उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है।



वित्त वर्ष 2021-22 में प्रदेश की कुल जीडीपी 16.45 लाख करोड़ रुपए थी, जो वित्त वर्ष 2022-23 में 22.58 लाख करोड़ रुपए से अधिक हो गई है। राष्ट्रीय आय में उत्तर प्रदेश 9.2 प्रतिशत का योगदान कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ''वर्ष 2027 तक प्रदेश को 1,000 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी विभागों को अपने प्रयास तेज करने होंगे। योगी ने कहा कि ''अपने कार्यों की और बेहतर योजना बनानी होंगी। हमारी नीयत साफ है, लक्ष्य स्पष्ट है और सभी को मिलकर, सही नीति और नियोजित क्रियान्वयन के लिए प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि ''हमारी योजना लक्ष्य के अनुरूप हो। इसके लिए आंकड़ों का संग्रहण शुद्धता के साथ होना आवश्यक है। विभिन्न क्षेत्रों की स्थिति के सही आकलन के लिए विभागवार सांख्यकीय अधिकारियों के लिए कार्यशाला/प्रशिक्षण का आयोजन किया जाए।

योगी ने कृषि, पर्यटन, उद्योग और अन्य क्षेत्रों की संभावनाओं और उपलब्धियों की चर्चा करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चैधरी, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह समेत राज्य सरकार के कई अन्य मंत्री और वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

## 'श्री सेतु' से जगन्नाथ मंदिर जाने में लगने वाला समय एक घंटा हो जाएगा कम

**भुवनेश्वर/भाषा।** पुरी में 2.8 किलोमीटर लंबे नवनिर्मित बाईपास मार्ग 'श्री सेतु' से अब भुवनेश्वर और ब्रह्मगिरि से आने वाले वाहन शहर के यातायात से बचकर सीधे बहु-स्तरीय पार्किंग स्थल तक पहुंच सकेंगे। इससे जगन्नाथ मंदिर तक जाने में लगने वाला यात्रा समय एक घंटा तक कम हो जाएगा। आगामी 17 जनवरी को 2,700 करोड़ रुपए की लागत वाली जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर परियोजना के उद्घाटन से पहले 'श्री सेतु' पुरी में ओडिशा सरकार द्वारा कार्यान्वित विभिन्न बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं में से एक है।

अधिकारियों ने कहा कि सरकार ने पवित्र शहर में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के मद्देनजर प्राचीन पुरी मंदिर के आसपास की बस्तियों का पुनर्विकास किया है और मंदिर के चारों ओर 1.5 किलोमीटर का पथ 'श्रीमंदिर परिक्रमा' बनाया है।

अधिकारियों ने कहा कि पूरे साल दर्शन के लिए तीर्थस्थल आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बड़ी राहत मिलेगी क्योंकि ओडिशा के पहले 'ट्रम्पेट ब्रिज' 'श्री सेतु' के माध्यम से वे जल्दी ही मंदिर तक पहुंच सकेंगे।

## मायावती ने अपने पार्टी दफ्तर की सुरक्षा को बताया खतरा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**लखनऊ/भाषा।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को समाजवादी पार्टी (सपा) सरकार में बसपा के राज्य मुख्यालय के पास बने पुल को पार्टी कार्यालय की सुरक्षा के लिए खतरा करार देते हुए प्रदेश सरकार से बसपा कार्यालय को किसी 'सुरक्षित स्थान' पर ले जाने की व्यवस्था कराने का अनुरोध किया है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मायावती के इस बयान पर पलटवार करते हुए बसपा को भाजपा से मिली हुई पार्टी बताया और कहा कि पार्टी नेतृत्व को अगर लगता है कि उसकी सुरक्षा को खतरा है तो वह केन्द्र सरकार को चिट्ठी लिखकर इस पुल को तुड़वा दे।

मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर सिलसिलेवार टिप्पणियां कर सपा को जमकर खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने कहा, सपा अति-पिछड़ों के साथ-साथ जबरदस्त दलित-विरोधी पार्टी भी है। हालांकि बसपा ने पिछले आमचुनाव में सपा से गठबन्धन करके इनके दलित-विरोधी चाल, चरित्र तथा चेहरे को थोड़ा बदलने का प्रयास किया। लेकिन चुनाव खत्म होने के बाद ही सपा पुनः अपने दलित-विरोधी जातिवादी एजेण्डे पर आ गई।

मायावती ने एक अन्य टिप्पणी में जून 1995 में हुए गेस्ट हाउस कांड का जिक्र करते हुए कहा, अब सपा मुखिया जिससे भी गठबन्धन की बात करते हैं, तो उनकी पहली शर्त बसपा से दूरी बनाए रखने की होती है, जिसे मीडिया भी खूब प्रचारित करता है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं बसपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि सपा शासन में कई फैसले दलित विरोधी किए गए। उन्होंने इसी टिप्पणी में आगे कहा, इसमें बसपा प्रदेश मुख्यालय के पास एक ऊंचा पुल बनाने का भी कृत्य है। यहां से षड्यंत्रकारी एवं अराजक तत्व पार्टी दफ्तर, कर्मचारियों तथा राष्ट्रीय प्रमुख को भी हानि पहुंचा सकते हैं। इस वजह से पार्टी को महापुरुषों की प्रतिमाओं को वहां से हटाकर पार्टी प्रमुख के निवास पर स्थानांतरित करना पड़ा।



## रोहित और कोहली का टी20 टीम में चयन क्या विश्व कप में भारत को भारी पड़ेगा?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** रोहित शर्मा और विराट कोहली को 14 महीने में पहली बार टी20 टीम में जगह देकर चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रवैया अपनाया है लेकिन क्या उनका यह फैसला टी20 विश्व कप में भारत को भारी पड़ेगा? इसका पता समय आने पर ही चलेगा। पिछले दो टी20 विश्व कप में खिताब जीतने में नाकाम रहने के बाद रोहित और कोहली ने अगर एक और मौका देने की इच्छा जताई तो इसके लिए उन्हें दोषी नहीं ठहराया जा सकता। लेकिन चयनकर्ताओं के मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता जिन्होंने नवंबर 2022 में सेमीफाइनल में इंग्लैंड से मिली हार के बाद कई नए खिलाड़ियों को टीम में चुना था।

रोहित और कोहली को अब अफगानिस्तान के खिलाफ 11 जनवरी से शुरू होने वाली तीन टी20 मैच की शृंखला के लिए टीम में चुना गया है जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि यह दोनों दिग्गज अमेरिका और वेस्टइंडीज में जून में होने वाले विश्व कप में भारतीय टीम का हिस्सा रहेंगे। इन दोनों दिग्गज खिलाड़ियों ने भारत को वनडे विश्व कप के फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी लेकिन क्या वे खेल के सबसे छोटे प्रारूप की जरूरत से सामंजस्य बिठा पाएंगे। रोहित ने वनडे विश्व कप में शुरू से ही आक्रामक रवैया अपनाया था और अफगानिस्तान के खिलाफ मोहाली में शुरू होने वाली शृंखला में भी वह इसी अंदाज में खेल सकते हैं। दूसरी तरफ कोहली का खेल 50 ओवर के प्रारूप के अधिक अनुकूल है लेकिन उन्होंने जो 148 टी20 मैच खेले हैं उनमें 137.96 की अच्छी स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। इसके विपरीत उनके साथी और विश्व के सर्वश्रेष्ठ टी20 बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव का स्ट्राइक रेट 170 से अधिक है। यशस्वी जायसवाल और रुतुराज गायकवाड को जो भी मौके मिले हैं उनमें उन्होंने अपनी क्षमता दिखाई है लेकिन आईसीसी की प्रतियोगिता में अनुभव का कोई विकल्प नहीं होता। सुनील गावस्कर और सौरव गांगुली ने भी इसको महत्व देते हुए रोहित और कोहली को टी20 विश्व कप की टीम में शामिल करने की वकालत की थी।

## ओडिशा : पूर्व मंत्री बलभद्र माझी ने बीजद से दिया इस्तीफा



**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के पूर्व मंत्री बलभद्र माझी ने सोमवार को सत्तारूढ़ बीजू जनता दल (बीजद) से इस्तीफा दे दिया। बीजद के सूत्रों ने यह जानकारी दी। माझी पांच बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने यह कदम राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ ही होने वाले विधानसभा चुनाव से महज कुछ महीने पहले उठाया है।

सूत्रों ने बताया कि माझी ने अपना इस्तीफा पार्टी अध्यक्ष और मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को भेज दिया है, लेकिन अपने इस कदम के पीछे के कारणों की जानकारी नहीं दी है। उन्होंने बताया कि माझी ने कथित तौर पर पार्टी में अपनी अनदेखी की वजह से इस्तीफा दिया है।

माझी पहली बार जनता दल के टिकट पर 1990 में नरला सीट से विधानसभा चुनाव जीते थे। वह नरला से ही 1995 में दोबारा निर्वाचित हुए। माझी 2000, 2004 और 2014 में लांजीगढ़ से विधायक चुने गए।

वह 2009 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के शिबजी माझी से हार गए थे। बीजद ने 2019 के चुनाव में उन्हें टिकट नहीं दिया था और उनकी जगह पर प्रदीप कुमार दिसारी को लांजीगढ़ से अपना उम्मीदवार बनाया था। माझी 2002 से 2006 तक नवीन पटनायक सरकार में दो बार अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति विकास मंत्री रहे।




## असम के जीडीपी में कृषि क्षेत्र का 20 प्रतिशत योगदानः राज्यपाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने कहा कि राज्य के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि और संबद्ध क्षेत्र का योगदान 19.89 प्रतिशत है। उन्होंने सभी हितधारकों से अपनी आय की वृद्धि के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान भी किया।

कटारिया ने यहां 'पशुधन और मुर्गी पालन कार्यक्रम 2024' में भाग लेते हुए कहा कि सरकार हमेशा स्थानीय किसानों और युवाओं को राज्य के भीतर दूध, मांस और अंडे की मांग को पूरा करने के लिए प्रोत्साहित करती रही है। उन्होंने कहा, इसके परिणामस्वरूप राज्य में कई नए स्टार्टअप सामने आए हैं और लोग धीरे-धीरे आत्मनिर्भर बन रहे हैं। राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में कृषि और संबद्ध क्षेत्रों का योगदान 19.89 प्रतिशत है, जिसमें से केवल पशुधन और मुर्गी पालन क्षेत्र का योगदान 5.30 प्रतिशत है।

कटारिया ने जोर देकर कहा कि अगर किसान पशुपालन, मुर्गी पालन और डेयरी उत्पादन जैसे क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हैं तो उनकी आय बढ़ाई जा सकती है। उन्होंने गुजरात और पंजाब का भी उदाहरण दिया जहां राज्यों ने कृषि और दूध उत्पादन में प्रगति की है।

राज्यपाल ने कहा, यह संतोष का विषय है कि वर्तमान में असम सुअर उत्पादन के क्षेत्र में देश का अग्रणी राज्य है और मुर्गी उत्पादन में भी अभूतपूर्व प्रगति की है। दूध और अंडे के उत्पादन में राज्य कमर कस रहा है। असम डेयरी विकास योजना के तहत प्रतिदिन 10 लाख लीटर दूध उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। कटारिया ने संबंधित विभाग को असंगठित डेयरी क्षेत्र को संगठित करने के लिए ठोस कदम उठाने और राज्य में दूध के स्थाई विपणन को सुनिश्चित करने के लिए क्लस्टर बनाने के लिए कहा। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि किसानों की आय दोगुनी करने के लिए सरकार ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन (आरजीएम), राष्ट्रीय पशुधन मिशन (एनएलएम), पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण (एलएच और डीसी) कार्यक्रम और राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (आरकेवीवाई) जैसी योजनाएं लागू की हैं। कटारिया ने किसानों से कृषि और संबद्ध क्षेत्रों में सतत विकास सुनिश्चित करने के लिए सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया।

## केंद्र गंगासागर मेले को उचित मान्यता नहीं दे रहाः ममता बनर्जी



**सागर द्वीप (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि हालांकि गंगासागर मेला दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक उत्सवों में से एक है लेकिन केंद्र ने इसे उचित मान्यता नहीं दी है। दक्षिण 24 परगना जिले के सागर द्वीप में एक आधिकारिक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार है जो केंद्र से कोई मदद नहीं मिलने के बावजूद वार्षिक आयोजन के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा, कुंभ मेला एक बड़ा मेला है और इसे केंद्र से पूरी मदद मिलती है। हमें यह भी याद रखना चाहिए कि कुंभ मेला स्थल सड़क मार्ग से जुड़ा हुआ है। गंगासागर मेला एक द्वीप पर आयोजित होता है और यह दुनिया में इस तरह के सबसे बड़े मेलों में से एक है लेकिन मुझे नहीं पता कि केंद्र ने अब तक इसे उचित मान्यता क्यों नहीं दी है।

## उच्चतम न्यायालय के फैसले ने बता दिया कि 'अपराधियों का संरक्षक' कौन हैः राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने बिलकीस बानो मामले के दोषियों की सजा में छूट देने के फैसले को उच्चतम न्यायालय द्वारा रद्द किए जाने के बाद सोमवार को कहा कि इस निर्णय ने एक बार फिर देश को बता दिया कि 'अपराधियों का संरक्षक' कौन है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनावी फायदे के लिए 'न्याय की हत्या' की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है।

राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, चुनावी फायदे के लिए 'न्याय की हत्या' की प्रवृत्ति लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए खतरनाक है। आज उच्चतम न्यायालय के फैसले ने एक बार फिर देश को बता दिया कि 'अपराधियों का संरक्षक' कौन है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि बिलकीस बानो का अथक संघर्ष, अहंकारी भाजपा सरकार के विरुद्ध न्याय की जीत का प्रतीक है।

उच्चतम न्यायालय ने गुजरात में 2002 के दंगों के दौरान बिलकीस बानो से सामूहिक दुष्कर्म और उनके परिवार के सात सदस्यों की हत्या के मामले में 11 दोषियों को सजा में छूट देने के राज्य सरकार के फैसले को सोमवार को यह कहते हुए रद्द कर दिया कि आदेश ''घिसा पिटा'' था और इसे बिना सोचे-समझे पारित किया गया था।

## अपने आसपास के लोगों को सशक्त बनाते हैं नेतृत्व करने वाले लोग : वायुसेना प्रमुख

**नई दिल्ली/भाषा।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने सोमवार को राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के कैडेट से कहा कि सच्चे नेता अपने आसपास के लोगों को सशक्त बनाते हैं और उनका प्रभाव परेड मैदान से कहीं आगे तक फैलता है। उन्होंने कैडेट से सशस्त्र बलों में शामिल होने और ''एकता एवं अनुशासन'' का जीवन जीने का आग्रह किया।

वायुसेना प्रमुख चौधरी ने यहां एनसीसी गणतंत्र दिवस- शिविर 2024 में कैडेट को संबोधित करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस



''संघर्षों, बलिदानों और आकांक्षाओं की याद दिलाता है'' जिसने एक लोकतांत्रिक गणराज्य के रूप में भारत की यात्रा को आकार दिया है। गणतंत्र दिवस-शिविर 2024 का उद्घाटन पांच जनवरी को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया था। इसका समापन 28 जनवरी को होगा। वायुसेना प्रमुख ने कहा, हमारा राष्ट्र विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं और रीति-रिवाजों का मिश्रण है, जो लोकतंत्र के संरक्षण और समावेशी प्रगति की दिशा में एक साझा प्रतिबद्धता में परिवर्तित होता है। उन्होंने कहा, हमारे देश के प्रमुख युवा संगठन के रूप में, राष्ट्रीय कैडेट कोर ने अनुशासन, नेतृत्व, सौहार्द, टीम भावना, साहस और राष्ट्रीय एकता की गुणवत्ता को विकसित करके लाखों लोगों के जीवन को बदलने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## भारतीय महिला हॉकी टीम को लगातार तीसरी बार ओलंपिक में जगह बनाने का भरोसाः नवनीत

**रांची/भाषा।** अटैकिंग मिडफील्डर नवनीत कौर ने सोमवार को कहा कि भारतीय महिला टीम लगातार तीसरी बार ओलंपिक कोटा हासिल करने को लेकर आश्वस्त है और यहां की परिस्थितियों की जानकारी आठ टीम के हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर से पहले मेजबान टीम को अच्छी स्थिति में रखेगी। सविता पूनिया के नेतृत्व में भारतीय टीम ने पिछले साल नवंबर में यहां मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ हॉकी स्टेडियम में एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी जीती थी।




मेजबान टीम ने फाइनल में जापान को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में अपना लगातार दूसरा खिताब जीता था। नवनीत ने हॉकी इंडिया की विज्ञप्ति में कहा, रांची में जल्दी पहुंचने से हमें मुख्य पिच (मैदान) पर कुछ सत्र अभ्यास का मौका मिला और इससे हमें मौसम के अनुकूल ढलने में भी मदद मिली। उन्होंने कहा, हम महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान भी इस स्थल पर खेल चुके हैं इसलिए हम पिच से अच्छी तरह वाकिफ हैं। टोक्यो ओलंपिक खेलों में ऐतिहासिक चौथे स्थान पर रही भारतीय टीम ने परिस्थितियों को समझने के लिए लगभग एक सप्ताह बिताया। भारतीय टीम ने खूंटी जिले के कुछ और स्थलों पर भी प्रशिक्षण लिया। नवनीत ने कहा, हमने खूंटी जिले में भी जाकर प्रशिक्षण लिया जो हमारे कुछ साथियों का घर है और उन बच्चों के चेहरे पर उत्साह देखना अविश्वसनीय था जो हमारी हौसलाअफजाई करने आए थे। भारत को पूल बी में रखा गया है और वह अपना अभियान शनिवार को अमेरिका के खिलाफ शुरू करेगा और इसके अगले दिन न्यूजीलैंड से भिड़ेगा। एक दिन के आराम के बाद 16 जनवरी को भारत का मुकाबला इटली से होगा।

पूल ए में विश्व नंबर पांच जर्मनी, एशियाई खेलों के पूर्व चैंपियन जापान, चिली और चेक गणराज्य को जगह मिली है। प्रत्येक पूल से शीर्ष दो टीम सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और शीर्ष तीन में रहने वाली टीमों को पेरिस ओलंपिक 2024 में जगह मिलेगी। सेमीफाइनल 18 जनवरी को होंगे जबकि फाइनल और कांस्य पदक का प्ले ऑफ मुकाबला 19 जनवरी को होगा। यह टूर्नामेंट शुरुआत में से चीन में होना था लेकिन चीन की महिलाओं के पेरिस ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद हॉकी इंडिया ने एफआईएच से प्रतियोगिता को भारत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया था।

## देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बातः अवनि

**नई दिल्ली/भाषा।** अमेच्योर गोल्फ की विश्व रैंकिंग में शीर्ष 50 में शामिल इकलौती भारतीय अवनि प्रशांत के लिए अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है।

सत्रह साल की अवनि इस महीने दो अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में भारत की अगुवाई करेंगी। वह नौ से 12 जनवरी तक तक दक्षिणी गोल्फ क्लब में वार्षिक ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स ऑफ एमेच्योर चैम्पियनशिप में भाग लेगी। इसमें चार सदस्यीय भारतीय टीम में दो



पुरुष और दो महिला खिलाड़ी शामिल हैं। इसके बाद चारों खिलाड़ी 16 से 19 जनवरी 2024 तक ऑस्ट्रेलियाई एमेच्योर चैंपियनशिप में खेलेंगे। हीना कांग टीम की दूसरी महिला खिलाड़ी है जबकि संदीप यादव और रोहित पुरुष वर्ग में चुनौती पेश करेंगे। भारतीय टीम में सबसे कम उम्र की खिलाड़ी अवनि ने इन टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए पेशेवर बनने की अपनी योजना को रोकने का फैसला किया है। अमेच्योर वर्ग की दो बार की राष्ट्रीय विजेता अवनि ने कहा, भारत के लिए खेलना हमेशा सम्मान की बात है। 2023 मैं अच्छे परिणाम हासिल करने में सफल रही।

### सुविचार

**देर लगेगी मगर सब सही होगा, जो चाहिए वही मिलेगा, मेरी मानो दिन बुरे हैं जिंदगी नहीं।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# शेख हसीनाः आगे कठिन डगर

बांग्लादेश में अवामी लीग का लगातार चौथी बार आम चुनाव जीतना निवर्तमान प्रधानमंत्री शेख हसीना की लोकप्रियता के साथ ही यह भी बताता है कि इस पड़ोसी देश में विपक्ष के पास ठोस रणनीति का अभाव है। उसने अवामी लीग सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए, जिन्हें जनता ने नकार दिया। विपक्षी बीएनपी ने तो चुनाव का बहिष्कार कर दिया था और वह अवामी लीग सरकार को 'अवैध सरकार' बताती रही। उसके द्वारा 48 घंटे की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान के बाद कई जगहों पर हिंसक घटनाएं हुईं, लेकिन चुनाव नतीजे वही आए, जिनकी पहले से ही संभावना जताई जा रही थी। बीएनपी का 'चुनाव का बहिष्कार' भी बहुत लोगों की समझ से परे था। बतौर विपक्ष, उसके उम्मीदवारों को चुनाव मैदान में उतरना चाहिए था, लेकिन इस पार्टी ने एक तरह से बिना लड़े ही हथियार डाल दिए। इससे शेख हसीना के लिए चुनावी लड़ाई और ज्यादा आसान हो गई। वे गोपालगंज-3 सीट से भी बहुत भारी अंतर से जीतीं। शेख हसीना पर जनता के इस भरोसे के साथ ही उम्मीदें भी बढ़ गई हैं। इस समय बांग्लादेश के सामने महंगाई, बेरोजगारी, अच्छी सार्वजनिक सुविधाओं का अभाव, बढ़ती असहिष्णुता जैसी कई चुनौतियां हैं। रूस-यूक्रेन जंग छिड़ने के बाद बांग्लादेश का खाद्य सामग्री का आयात बिल बढ़ गया। इससे विदेशी मुद्रा भंडार तेजी से खाली हुआ है। ईंधन के दामों में भी वृद्धि हो गई, जिससे कई घरों में रसोई का बजट बिगड़ गया है। बांग्लादेश को मजबूरन आईएमएफ के पास जाना पड़ा था। विपक्ष शेख हसीना पर भ्रष्टाचार करने, विरोधियों की आवाज दबाने के साथ ही यह आरोप लगा रहा है कि अवामी लीग के पास देश की आर्थिक समस्याओं से निजात दिलाने का कोई रोडमैप नहीं है। उसे इस बात की भी 'आशंका' है कि शेख हसीना के नए कार्यकाल में देश की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है।

तमाम चुनौतियों के बावजूद हाल के वर्षों में बांग्लादेश ने कई उपलब्धियां भी हासिल की हैं। शेख हसीना के प्रधानमंत्री बनने के बाद इस पड़ोसी देश ने महिला शिक्षा को बढ़ावा दिया है। महिलाओं के लिए रोजगार के मौके बढ़े हैं। बांग्लादेश के गार्मेंट उद्योग के लिए तो यह कहा जाता है कि नारी शक्ति ने इसे इतनी ऊंचाई पर पहुंचाया है। बांग्लादेश में लघु बचत, बैंकिंग सुविधाएं, परिवार नियोजन, खाद्यान्न वितरण समेत कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम हुए हैं, जिनका श्रेय शेख हसीना को मिलना चाहिए। इसके अलावा उन्होंने अल्पसंख्यकों के आराधना स्थलों के विकास के लिए भी प्रयास किए हैं, जिसकी वजह से वे कट्टरपंथी संगठनों के निशाने पर आ गईं। शेख हसीना की एक और बड़ी उपलब्धि है, जिसका जिक्र करना जरूरी है। बांग्लादेश के मुक्ति संग्राम में जिन ताकतों ने पाकिस्तानी फौज का साथ देते हुए महिलाओं, खासतौर से हिंदू महिलाओं पर अत्याचार किए थे, उन अपराधियों के प्रति शेख हसीना का रुख बहुत सख्त रहा है। उनमें से कई अपराधी या तो जेल भेज दिए गए या फांसी पर लटका दिए गए। ऐसे अपराधियों की सूची जारी की गई थी, जिनमें से कई तो आज भी फरार हैं। हालांकि बीएनपी के राज में उनकी मौज थी। उनमें से एक व्यक्ति बांग्लादेश के उद्योग जगत का बड़ा नाम रह चुका है। वह राजनीति में अपने रसूख से मंत्री बन गया था। यही नहीं, वह भारत के असम में तस्करी के जरिए उग्रवादियों को धन और हथियार पहुंचाने का नेटवर्क चलाता था। उसके बांग्लादेश समेत पाकिस्तान में भी बड़ी संख्या में समर्थक थे, लेकिन अवामी लीग सरकार ने ठोस सबूत जुटाए, जिसकी वजह से उस अपराधी को फांसी पर लटकाया गया। अगस्त 1975 में शेख मुजीबुर्रहमान (शेख हसीना के पिता और तत्कालीन राष्ट्रपति) के हत्याकांड में शामिल अपराधियों पर भी शेख हसीना ने खूब शिकंजा कसा था। उनमें से एक पूर्व सैन्य अधिकारी को अप्रैल 2020 में फांसी दी गई थी। शेख हसीना को नए कार्यकाल में देश के आर्थिक विकास को शीर्ष प्राथमिकता देने के साथ ही कट्टरपंथ और (भारतीय सीमा में नागरिकों की) घुसपैठ जैसी समस्याओं का ठोस समाधान करना होगा। बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हमलों की घटनाओं में भारी वृद्धि हुई है, जो बहुत चिंता का विषय है।

## ट्वीटर टॉक



हम देश की एक बहुत बड़ी आबादी को रोजमर्रा की छोटी-छोटी जरूरतों के लिए होने वाले संघर्षों से बाहर निकालना चाहते हैं। इसलिए हम गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के भविष्य पर फोकस कर रहे हैं।

**-नरेन्द्र मोदी**



अजमेर के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय और जनाना चिकित्सालय के अधिकारियों एवं चिकित्सकों ने भेंट की, इस अवसर पर उनसे चिकित्सालयों की व्यवस्था सुधारने और आमजन को त्वरित चिकित्सा सुविधा मिले - इसके लिए विभिन्न सुधारो की दिशा में कार्य करने के लिए निर्देशित किया।

**-वासुदेव देवनानी**



बगरू विधानसभा के जगतपुरा जोन में पहुंची मोदी गारंटी वाली गाड़ी। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर में जरूरतमंदों को मोदी सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिला। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबोधन और लाभार्थियों से संवाद कार्यक्रम को भी देखा।

**-सीपी जोशी**

### प्रेरक प्रसंग

## जीवन रक्षा का कर्तव्य

एक बार एक केकड़ा समुद्र किनारे अपनी मस्ती में चला जा रहा था और बीच-बीच में पीछे मुड़कर वो अपने पैरों से बने निशान भी देखता जाता। वो थोड़ा आगे बढ़ता और फिर मुड़कर पैरों के निशान देखता और उनसे बने चित्र को देखकर खुश हो जाता इतने में एक तेज लहर आयी और उसके पैरों के सब निशान मिट गये। इस पर केकड़े को बड़ा गुस्सा आया, उसने लहर से बोला, 'मैं तो तुझे अपना मित्र मानता था, पर तुमने ये क्या किया मेरे बनाये सुंदर पैरों के निशानों को ही मिटा दिया? कैसी दोस्त हो तुम।' केकड़े की बात सुनकर लहर बोली, 'वो देखो पीछे से मछुआरे आ रहे हैं और वो पैरों के निशान देख कर ही केकड़ों को पकड़ रहे हैं मेरे दोस्त, तुमको वो पकड़ न लें, बस इसीलिए मैंने तुम्हारे पैरों के निशान मिटा दिए।

### सामयिक

# हिंडेनबर्ग पर शीर्ष न्यायालय के फैसले के मायने

**अवधेश कुमार**

अडानी हिंडेनबर्ग मामले में उच्चतम न्यायालय न्यायालय के फैसले का पहला विवेकशील निष्कर्ष यह है कि सरकार के विरुद्ध किसी मुद्दे को उठाने और उसे बड़ा बनाने के पहले उस पर पर्याप्त शोध और सोच-विचार किया जाना चाहिए। न्यायालय के फैसले को आधार बनाएं तो हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को लेकर भारत और भारतीयों के संपर्क से पूरी दुनिया में जो बवंडर खड़ा हुआ, शेयर मार्केट से लेकर स्वयं गौतम अडानी की कंपनियों को जो नुकसान पहुंचा तथा नरेंद्र मोदी सरकार को लेकर पैदा हुआ संदेश सभी तत्काल निराधार साबित हुए हैं। न्यायालय यह कहते हुए याचिकाओं को निरस्त कर दिया कि हिंडेनबर्ग के आरोपों की जांच के लिए सीट या विशेष जांच दल गठित करने यानी किसी दूसरी एजेंसी को सौंपने की आवश्यकता नहीं है। याचिकाकर्ताओं की ओर से बार-बार सिक्योरिटी एंड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया यानी सेबी की जांच को प्रश्नों के घेरे में लाने को भी न्यायालय ने सही नहीं माना तथा उसकी जांच से संतुष्टि व्यक्त की। सेबी अब तक 24 में से 22 मामलों की जांच पूरी कर चुकी है।

सही है कि शीर्ष न्यायालय ने सेबी और भारत सरकार से कहा है कि निवेशकों की रक्षा के लिए तत्काल उपाय करें, कानून को सख्त करें तथा जरूरत के मुताबिक सुधार भी। यह भी कहा कि सुनिश्चित करें कि फिर निवेशक इस तरह की अस्थिरता का शिकार नहीं हो जैसा कि हिडेनबर्ग रिपोर्ट जारी होने के बाद देखा गया था। ध्यान रखिए कि न्यायालय द्वारा न्यायमूर्ति सप्रे की अध्यक्षता में गठित विशेषज्ञों की समिति की रिपोर्ट पर भी विचार किया गया। इस समिति ने भी शेयर निवेश की सुरक्षा से संबंधित सुझाव दिए हैं। न्यायालय ने उसे शामिल करने को कहा है। वास्तव में फैसले का यह पहलू स्वाभाविक है क्योंकि हिडेनबर्ग रिपोर्ट के बाद अडानी समूह के शेयरों में जिस ढंग से गिरावट आई उससे पूरा भूचाल पैदा हो गया था। आगे ऐसा ना हो इसका सुरक्षा उपाय करना आवश्यक है और इसी ओर न्यायालय में ध्यान दिलाया है। इसमें कोई अगर किसी भी तरह हिंडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी सच्चाई देखता है वह उसकी समझ पर प्रश्न खड़ा होगा। न्यायालय के फैसले से साफ हो गया है कि गौतम अडानी को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगाए गए आरोप निराधार ही थे। किंतु भारत की राजनीति और एक्टिविज्म की दुनिया में शिकार करने का चारित। इसलिए पहले सेबी और फिर आप न्यायालय को भी कटघरे में खड़ा करने का अभियान चल रहा है।

यह स्थिति चिंताजनक है। अगर उच्चतम न्यायालय को हिडेनबर्ग रिपोर्ट में थोड़ी भी सच्चाई दिखती तो उसके आदेश में यही लिखा होता कि आगे कोई भी कंपनी किसी तरह अपने प्रभाव का लाभ न उठा पाए इसके लिए सुरक्षाउपाय करें। उसने ऐसा नहीं कहा है। उसका कहना इतना ही है कि अगर कहीं से फिर ऐसी रिपोर्ट आ गई तब शेयर मार्केट में निवेशकों को कैसे सुरक्षित रखा जाए इसकी व्यवस्था होनी चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने यह भी कहा है कि केंद्र सरकार की जांच एजेंसी के रूप में सेबी जांच करें कि क्या हिंडनबर्ग रिसर्च और किसी अन्य संस्था की वजह से निवेशकों को हुए नुकसान में कानून का कोई उल्लंघन हुआ है? यदि हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाए। याचिकाकर्ताओं ने कई नियमों में खामियों की बात उठाई थी जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। न्यायालय ने कहा कि संशोधन से नियम सख्त हुए हैं। खोजी जर्नलिस्ट संगठन की रिपोर्ट को भी खारिज किया गया और कहा कि यह सेबी की जांच पर सवाल उठाने के लिए मजबूत आधार नहीं है, इन्हें इनपुट के रूप में नहीं माना जा सकता है। जरा पीछे लौटिये और याद करिए कि पिछले वर्ष 24 जनवरी को अडानी समूह पर हिंडेनबर्ग रिपोर्ट आने के बाद क्या स्थिति पैदा हुई थी? तब समूह का मार्केट कैप 19.2 लाख करोड़ था। इस रिपोर्ट के बाद उसकी 9 कंपनियों का वैल्यूएशन 150 अरब डालर तक घट गया था। धीरे-धीरे उसकी भरपाई हो रही है किंतु अभी भी वह उसे समय से 31 प्रतिशत नीचे है। यद्यपि उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद तेजी से अडानी समूह के शेयर भाव उछले एवं उसी अनुसार सूचकांक भी। बावजूद उस क्षति की भरपाई एक बड़ी चुनौती है। प्रश्न है कि इसके लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? करोड़ों निवेशकों के जो धन डुबाने के लिए कौन दोषी है? सबसे बड़ी बात कि इससे भारत की छवि पूरी दुनिया में बिगड़ी उसकी भरपाई कौन करेगा? हिंडेनबर्ग रिपोर्ट को आधार बनाकर दुष्प्रचार यही हुआ कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वयं और उनकी सरकार एक उद्योगपति कारोबारी के लिए किसी सीमा तक जाने को तैयार है। उन्हें सरकार का राजनीतिक संरक्षण और सहयोग प्राप्त है जिनकी बदौलत ही यह कंपनी आगे बढ़ी है अन्यथा इसकी अपनी क्षमता ऐसी नहीं है। यह सरकार और पूंजीपति के बीच शर्मनाक दुरभिसंधि का आरोप था। यह आरोप सच होता तो क्रनी केपीटलिइज्म का इससे बड़ा उदाहरण कुछ नहीं हो सकता। विश्व भर में निवेशकों और कारोबारियों के बीच यह छवि बन जाती कि वाकई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक ही उद्योगपति और कारोबारी के हितों में नियम बनवाते हैं, उसे सत्ता का संरक्षण प्रदान करते हैं और इसी बदौलत समूह देश और दुनिया में अवैध तरीके से वित्तीय शक्ति का विस्तार कर रहा है तो फिर वे भारत से मुंह मोड़ लेते। इसका संपूर्ण भारतीय अर्थव्यवस्था और आर्थिक रूप से महाशक्ति बनने के लक्ष्य पर क्या प्रभाव पड़ता इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। वास्तव में हिंडेनबर्ग रिपोर्ट एक कंपनी पर अवश्य था किंतु इससे पूरे भारत सरकार और देश की नियति नत्थी हो गई थी। हिंडेनबर्ग ने में मुख्यत: यही कहा था कि अदानी समूह की वित्तीय हैसियत इतनी बड़ी है नहीं जितनी वह अंकेक्षण में दिखलाती है, वह अपना मूल्यांकन जानबूझकर ज्यादा करवाती है जिससे उसके शेयर भाव बढ़े रहते हैं तथा टैक्स हैवन देशों में सेल कंपनियां बनाकर वह गलत निवेश करती है और इन सबमें उसे सत्ता का पूरा सहयोग और संरक्षण है। कोई कंपनी प्रधानमंत्री के वरदहस्त से काली कमाई करती हो इससे खतरनाक आरोप और क्या हो सकता है। साफ है कि जहां हिडेनबर्ग रिपोर्ट के पीछे केवल एक कंपनी की वित्तीय स्थिति को अपनी दृष्टि से सामने लाना नहीं था बल्कि निशाने पर नरेंद्र मोदी सरकार और उसके माध्यम से पूरा भारत था। जिस देश में इस ढंग से क्रॉनी केपीटलिइज्म हो उसकी दुनिया में साख और हैसियत कुछ हो ही नहीं सकती। प्रधानमंत्री कह रहे हैं कि 2024 से 29 के बीच भारत विश्व की तीसरी अर्थव्यवस्था बनेगा और 2047 तक विश्व की पहली श्रेणी का देश बनाना है तो निश्चय ही इससे अनेक देशों संगठनों, नेताओं, यहां तक की भारत के भी कुछ लोगों और समूहों के कलेजे पर सांप लोट रहा होगा। वो हर तरीके से इसमें बाधा उत्पन्न करने की कोशिश करेंगे। उच्चतम न्यायालय ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के पीछे के इरादों या कानूनों के उल्लंघन, निवेशकों को हुए नुकसान के पीछे कारकों के जांच के लिए हरी झंडी दी हैतो उम्मीद रखिए की आने वाले समय में पूरा सच सामने आएगा। उच्चतम न्यायालय की सुनवाई से इतना स्पष्ट हुआ कि भारत के एक नामी वकील के एनजीओ ने कंपनी के संदर्भ में सूचनाएं पहुंचाने में भूमिका निभाई थी। कुछ बातें महुआ मोइत्रा के संसदीय जांच समिति की रिपोर्ट से भी पता चलता है। यह सामान्य बात नहीं है कि एक शॉर्ट सेलिंग वाली कंपनी जो ऐसा करके मुनाफा कमा रही हो उसे हमारे यहां शत-प्रतिशत सच मान लिया तथा अडानी समूह एवं तथ्यों पर बात करने वाले को गलत। दलीय राजनीति के बीच वैर भाव इस सीमा तक न हो कि आपसी संघर्ष में देश का हित ही दांव पर लग जाए।

> **उच्चतम न्यायालय ने हिंडेनबर्ग रिपोर्ट के पीछे के इरादों या कानूनों के उल्लंघन, निवेशकों को हुए नुकसान के पीछे कारकों के जांच के लिए हरी झंडी दी हैतो उम्मीद रखिए की आने वाले समय में पूरा सच सामने आएगा। उच्चतम न्यायालय की सुनवाई से इतना स्पष्ट हुआ कि भारत के एक नामी वकील के एनजीओ ने कंपनी के संदर्भ में सूचनाएं पहुंचाने में भूमिका निभाई थी।**

### चिंतन



**यकीनन डॉ. यादव मध्य प्रदेश के सबसे ताकतवर मुख्यमंती होंगे जो तभी साफ हो गया था जब शपथ के फौरन बाद मंच पर ही, उनका हाथ पकड़कर देश के ताकतवर प्रधानमंती नरेन्द्र मोदी ने उन्हें कुर्सी का रास्ता बताया। डॉ. यादव प्रदेश की जनता को मिल रही पुरानी लाभकारी योजनाओं को बिना बदले नई इबारत लिखकर, अब तक की सबसे बड़ी लकीर खींचने की तैयारी में है। संकेत हैं कि अब अफसरशाही पर लगाम के साथ, बेतुके नए-पुराने फरमानों की घिसी-पिटी पंक्तियां मिटाकर नई और साफ-सुथरी स्क्रिप्ट होगी, जिसका मतलब जनता के लिए, जनता की खातिर, जनता की सरकार होगी।**

# आते ही क्यों कहलाने लगे मोहन यादव ताकतवर मुख्यमंत्री?

**ऋतुपर्ण दवे**

मध्यप्रदेश में मौजूदा भाजपा सरकार के नेतृत्व परिवर्तन को शुरुआत में अलग नजरिए से देखा जा रहा था। जहां विपक्ष बगावत का धुंआ सूंघ रहा था और वहीं सत्तादल में वरिष्ठों को लेकर जबरदस्त कानाफूसी हो रही थी। लेकिन, अनुशासन को लेकर किसी भी प्रकार की चूं-चपड़ को बर्दास्त न कर, विशिष्ट कार्यशैली से पहचान बना चुके भाजपा शीर्ष नेतृत्व ने उस मिथक को बरकरार रखा कि मोदी-शाह की थैली में क्या है, उनके सिवाय कोई नहीं जानता। वही सच निकला। हां, शिवराज सिंह चौहान का बदला व्यव्हार और दिल्ली न जाकर मध्यप्रदेश में ही रहने की दुहाई और सक्रियता जरूर अटपटी लगती रही।

यूं तो डॉ. मोहन यादव का नाम मध्यप्रदेश की राजनीति में नया और बड़ा भी नहीं था। एक सवाल हर सबके मन में कौंधता रहा कि तमाम दिग्गजों के रहते वही क्यों? हालाकि जवाब पहले छत्तीसगढ़, बाद में राजस्थान से काफी कुछ मिला भी। भाजपा शीर्ष नेतृत्व की रणनीति कहें या पार्टी के अन्दरखाने में खुद को क्षत्रप मानने वालों को जवाब या नसीहत जो भी, एक तीर से कई निशाने साधे गए। मध्यप्रदेश में 2003 से लगातार भाजपा काबिज है, सिवाय बीच के 15 महीनों को छोड़कर। उसमें भी 17 साल मुख्यमंत्री रहे शिवराज रहे। ऐसे में नए नेतृत्व को कमान के कई मायने हैं। ऐसी ही चौंकाने वाली परिस्थितियों में 29 नवंबर 2005 को शिवराज भी मुख्यमंत्री बने थे। बाबूलाल गौर के खिलाफ बगावत के चलते नए चेहरे के तौर पर प्रमोद महाजन ने उन्हें प्रस्तावित किया जिस पर तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष लालकृष्ण आडवाणी की सहमति थी। 2023 विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा उम्मीदवारों की सूची में उनका नाम काफी बाद में आने से कयास लगने लगे कि इस बार शिवराज के लिए हालात मुश्किल भरे होंगे। कई बार टिकट पर संदेह हुआ। इधर मोहन यादव को नेतृत्व सौंपने की तैयारी बहुत पहले शुरू हो चुकी थी। ये बात अलग है कि तब प्रदेश राजनीति को बूझने वाले समझ नहीं पाए या समझ कर भी खामोश रहे।

कई सिलसिलेवार घटनाक्रमों से कहानी साफ दिखती है। 30 सितंबर 2022 को भोपाल से दूर रातापानी गेस्ट हाउस में भाजपा कोर ग्रुप की बैठक में राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष एक बड़ा संदेश लेकर आए। वहां अचानक डॉ. मोहन यादव, विश्वास सारंग और इंदर सिंह परमार बुलाए गए। लंबी चर्चा हुई। यहीं तय हुआ कि महाकाल लोक के उद्घाटन हेतु प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 अक्टूबर 2022 को जब उज्जैन आएंगे, सारी व्यवस्थाएं डॉ. मोहन यादव संभालेंगे। दूसरा वाकया 30 अक्टूबर 2023 का है। केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह चुनाव प्रचार खातिर उज्जैन आए। किसी पदाधिकारी के घर भोजन करना तय था, कहां सिवाय डॉ. यादव को किसी को नहीं पता था। दो घण्टे पहले पता चला उन्हीं के कट्टर समर्थक पमनानीजी के यहां भोजन करेंगे जिसकी गुप्त जानकारी डॉ. यादव ने ही गृह मंत्रालय को दी थी। प्रोटोकाल के तहत पूरा बन्दोबस्त हुआ। डिनर टेबल पर तीन लोग अमित शाह, वीडी शर्मा और डॉ. मोहन यादव को ही बैठने की इजाजत थी। भोजन पर जाते वक्त अमित शाह की कार में उनके साथ अकेले डॉ. यादव थे। भोजन के बाद अमित शाह और डॉ. यादव की आधे घण्टे बात हुई। संकेत साफ होने लगे थे। 19 नवंबर को डा. यादव को तेलंगाना प्रचार पर भेजा गया। प्रचार समाप्त होते वहीं से दिल्ली बुला लिए गए। नतीजों के बाद 6 दिसंबर को भोपाल से उज्जैन जाते वक्त बीच रास्ते दिल्ली बुलावा आया। तुरंत भोपाल लौटा। फ्लाइट पकड़ी, दिल्ली पहुंचे। वहां जेपी नड्डा से 15 मिनट बात हुई। 7 दिसंबर को बात फैली तो राजनीतिक पण्डित तक गच्चा खा गए। नई चर्चाओं ने जोर पकड़ा कि जातिगत समीकरण साधने उन्हें प्रदेश भाजपा की कमान दी जाएगी? 11 दिसंबर को नेता चुनने भाजपा विधायक दल की औपचारिक बैठक शुरू हुई। डॉ. यादव पीछे की पंक्ति में चुपचाप बैठे थे। पर्यवेक्षक हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर ने शिवराज सिंह के जरिए डॉ. मोहन यादव का नाम प्रस्तावित कराया, जिसका समर्थन नरेन्द्र सिंह तोमर, कैलाश विजयवर्गीय व अन्य ने किया। दो उप-मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और राजेन्द्र शुक्ला सहित और विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर की भी घोषणा हुई। देश-प्रदेश में लोग चौंक गए।

शीर्ष नेतृत्व से डॉ. यादव को शुरुआत से ही फ्री हैण्ड मिला। 2019 का वो दौर याद आता है जब शिवराज को आभार यात्राओं की इजाजत नहीं मिली, वहीं मोहन यादव ऐसी यात्राओं में सक्रिय हैं। मंत्रिमण्डल के गठन और विभाग वितरण में देरी पर चर्चाएं कुछ भी हों। लेकिन सच यही है कि 31 मंत्रियों में सात को ही महत्वपूर्ण विभाग देना और 10 बड़े मंत्रालय अपने पास रखना, उनकी ताकत का अहसास कराता है। जिस बेफिक्री से डॉ. यादव पहले ही दिन से सक्रिय होकर सख्त और बेझिझक जनहितैषी फैसले ले रहे हैं उससे मध्यप्रदेश में जनता की सरकार होने का आम और खास सभी को भान हो रहा है। 13 दिसंबर को शपथ के बाद पहले आदेश में सभी के धार्मिक स्थलों से तेज आवाज में बजने वाले ध्वनि विस्तारकों सहित खुले में मांस की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाई जिससे सवाल भी उठे कि तमाम कानूनों के बावजूद पहले ये क्यों नहीं हो पाया? इधर 27 दिसंबर को गुना जिले में बस-ट्रक भिड़ंत हादसे में 13 लोगों के जिंदा जलने पर सख्त कार्रवाई कर तुरंत परिवहन आयुक्त, कलेक्टर, एसपी को हटा दिया। आरटीओ और नगरपालिका सीएमओ को सस्पेंड कर बता दिया कि कोई लापरवाह नहीं बचेंगे। इसके बाद तो प्रदेश में संभाग से लेकर जिलों की सड़कों पर खुद एडीजीपी से लेकर एसपी तक वाहनों की चेकिंग करते दिखे। इसी बीच ट्रक ड्राइवरों की हड़ताल के दौरान शाजापुर कलेक्टर की एक ड्राइवर से अशिष्ट भाषा की बातचीत वायरल होते ही बिना देरी किए न केवल मंत्रालय में एक कोने में बिठा दिया बल्कि नाराजगी जताकर संदेश दे दिया कि जन प्रतिनिधि और अधिकारी जनता की सेवा के लिए हैं न कि रौब झड़ने को। उनकी कार्यप्रणाली की कई दिग्गज कांग्रेसियों ने भी तारीफ की है।

बुरहानपुर के शाहपुर में 90 वर्ष पुराने अतिक्रमण को हटाना बताता है कि प्रदेश में कई पुरानी फाइलें बिना भेदभाव, फिर खुलेंगी। अब अतिक्रमण से लेकर तमाम भ्रष्टाचारियों के अलावा शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, राजस्व और दूसरे विभागों में बिना चढ़ोत्री काम नहीं करने वाले मठाधीश बने बाबू से लेकर अफसर, सभी सकते में हैं। फर्जी डिग्रियों और झूठे प्रमाण-पत्रों से शान से नौकरी कर रहे फर्जीवाड़ियों की हवाइयां उड़ी हुई हैं। शिक्षा की बेहतरी उनकी प्राथमिकता है। तमाम शिक्षक विहीन स्कूल तो बिना रिक्तता के एक ही विषय के, एक ही स्कूल में कई-कई शिक्षकों का जुगाड़ तथा डॉक्टरों की लापरवाही का व अव्यवस्थाओं का दंश भुगत रहे अस्पतालों पर भी कार्रवाई संभव है। यह नहीं भूलना होगा कि पूरे प्रदेश में आरएसस संगठन बिना सामने आए अपना काम बखूबी करता है। कहने की जरूरत नहीं कि मुख्यमंत्री तक सारी सही जानकारियां पहुंचाने की इतर व्यवस्था भी है।

यकीनन डॉ. यादव मध्य प्रदेश के सबसे ताकतवर मुख्यमंत्री होंगे जो तभी साफ हो गया था जब शपथ के फौरन बाद मंच पर ही, उनका हाथ पकड़कर देश के ताकतवर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उन्हें कुर्सी का रास्ता बताया। डॉ. यादव प्रदेश की जनता को मिल रही पुरानी लाभकारी योजनाओं को बिना बदले नई इबारत लिखकर, अब तक की सबसे बड़ी लकीर खींचने की तैयारी में है। संकेत हैं कि अब अफसरशाही पर लगाम के साथ, बेतुके नए-पुराने फरमानों की घिसी-पिटी पंक्तियां मिटाकर नई और साफ-सुथरी स्क्रिप्ट होगी, जिसका मतलब जनता के लिए, जनता की खातिर, जनता की सरकार होगी।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law. **Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंडर एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत





# कर्नाटक की नीता शिरगांवकर ने जीता मिसेज पुरस्कार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। दुबई ब्यूटी स्कूल के साथ-साथ फैशन उद्योग में प्रसिद्ध ड्रीमज़ प्रोडक्शन हाउस, जो सौंदर्य उद्योग में शीर्ष पायदान की शिक्षा प्रदान करता है, ने प्रसिद्ध सौंदर्य प्रतियोगिता-एशिया सुपर मॉडल 2023 सीज़न के ग्रैंड फिनाले की हाल ही में नोएडा फिल्म सिटी में मेजबानी की।

देश भर की प्रतिभाओं के लिए एक रोमांचक मंच था क्योंकि पेजेंट टीम ने प्रतियोगियों के ऑडिशन के लिए देश भर का दौरा किया। यह शो एक बड़ी सफलता थी क्योंकि इसमें पूरे देश से कई श्रेणियों - मिस्टर, मिस और मिसेज एशिया सुपर मॉडल 2023 में कुल लगभग 100 प्रतियोगियों का स्वागत किया गया था। इसके बाद, शॉर्टलिस्ट किए गए प्रतिभागियों को कठोर प्रशिक्षण और तैयारी से गुजरना पड़ा।

''श्रीमती एशिया सुपर मॉडल 2023'' का खिताब बेलगावी की नीता शिरगांवकर को प्रदान किया गया। जबकि मुंबई की योजना हरेश कारिया ने प्रथम रनर का स्थान हासिल किया और दुबई की डॉ. अपूर्वा मिश्रा को द्वितीय रनर-अप का पुरस्कार दिया गया। नीता ने मिसेज ब्यूटीफुल स्किन का खिताब भी जीता।

एक सैन्य परिवार में जन्मी और पली-बढ़ी नीता की यात्रा उनके अटूट दृढ़ संकल्प और लचीलेपन का प्रमाण है। एक समर्पित गृहिणी और दो बच्चों की मां, उन्होंने यह प्रतिष्ठित उपाधि हासिल करके रूढ़िवादिता को तोड़ दिया है। चिकित्सा क्षेत्र में एक प्रयोगशाला तकनीशियन के रूप में, नीता के करियर पथ में एक अप्रत्याशित मोड़ आया जब उन्हें अपनी किशोरावस्था के दौरान फिल्म उद्योग में अवसरों का सामना करना पड़ा। हालाँकि, पारिवारिक जीवन की शुरुआत हुई और उसने अपने सपनों को ताक पर रखते हुए शादी और मातृत्व को अपना लिया।

एक दशक बाद, अपनी आकांक्षाओं के साथ फिर से जुड़ने की इच्छा से प्रेरित होकर, नीता ने एक परिवर्तनकारी यात्रा शुरू की। 2021 के लॉकडाउन के दौरान बेकिंग से शुरुआत करके वह एक प्रमाणित बेकर बन गईं। वह शारीरिक गतिविधियों में भी शामिल हुईं, जिम और नृत्य कक्षाओं में शामिल हुईं। उन्होंने कई सौंदर्य प्रतियोगिताओं में भी भाग लिया और कई पुरस्कार जीते। पिछले साल, उन्होंने बेलगावी में अपना बुटीक व्यवसाय, अव्व्याना भी स्थापित किया, जो एक ब्रांड है जो खरीदारी और किराये के लिए डिजाइनर कपड़े उपलब्ध कराने, विभिन्न अवसरों के लिए महिलाओं की जरूरतों को पूरा करने के लिए समर्पित है, जो प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अपने बचपन के सपने को अब पूरा करने और पूरा करने के बारे में सोचते हुए, वह ड्रीमज़ प्रोडक्शन हाउस टीम को उनके अटूट समर्थन और उनके सपनों को पूरा करने में दिए गए साहस के लिए बहुत आभार व्यक्त किया।

नीता शिरगांवकर की कहानी सिर्फ एक व्यक्तिगत जीत नहीं है, बल्कि पुनर्निर्माण और सफलता की एक सशक्त कहानी है। उनका मानना है कि अपने सपनों को पूरा करने में कभी देर नहीं होती।

# शेख हसीना : समर्थकों के लिए 'आयरन लेडी', आलोचकों के लिए 'तानाशाह'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



ढाका/भाषा। बांग्लादेश में विकास कार्यों को गति देने और कभी सैन्य शासित रहे देश को स्थिरता प्रदान करने के लिए शेख हसीना के समर्थक जहां ''आयरन लेडी'' के रूप में उनकी सराहना करते हैं, वहीं उनके आलोचक व विरोधी उन्हें ''तानाशाह'' नेता करार देते हैं। अवामी लीग पार्टी की प्रमुख 76 वर्षीय शेख हसीना दुनिया में सबसे लंबे समय तक पदस्थ महिला राष्ट्र प्रमुखों में से एक हैं। बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की बेटी हसीना 2009 से रणनीतिक रूप से अहम दक्षिण एशियाई देश पर शासन कर रही हैं और हालिया एकतरफा विवादास्पद चुनाव में उनकी जीत से सत्ता पर उनकी पकड़ और मजबूत हो जाएगी।

चुनाव से पहले हिंसा और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया की अगुवाई वाले मुख्य विपक्षी दल 'बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी' (बीएनपी) और उसके सहयोगियों ने रविवार को हुए 12वें आम चुनाव का बहिष्कार किया और चुनाव नतीजों में हसीना की पार्टी को लगातार चौथी बार और कुल मिलाकर पांचवीं बार जीत मिली।

सितंबर 1947 में तत्कालीन पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) में जन्मीं हसीना 1960 के दशक के अंत में ढाका विश्वविद्यालय में पढ़ाई के दौरान राजनीति में सक्रिय हुईं। पाकिस्तानी सरकार द्वारा रहमान को कैद किए जाने के दौरान उन्होंने अपने पिता की राजनीतिक गतिविधियों की बागडोर संभाली।

वर्ष 1971 में बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजादी मिलने के बाद हसीना के पिता मुजीबुर रहमान देश के राष्ट्रपति और फिर प्रधानमंत्री बने। अगस्त 1975 में रहमान, उनकी पत्नी और उनके तीन बेटों की उनके घर में सैन्य अधिकारियों द्वारा हत्या कर दी गई थी।

हसीना और उनकी छोटी बहन शेख रेहाना विदेश में होने के कारण इस हमले से बच गईं। भारत में छह साल निर्वासन में बिताने वाली हसीना को बाद में अवामी लीग का नेता चुना गया।वर्ष 1981 में हसीना स्वदेश लौट आईं और सेना द्वारा शासित देश में लोकतंत्र की बहाली के लिए मुखर हुईं, जिसके चलते कई मौकों पर उन्हें नजरबंद किया गया। वर्ष 1991 के आम चुनाव में हसीना के नेतृत्व वाली अवामी लीग बहुमत हासिल करने में विफल रही। उनकी प्रतिद्वंद्वी बीएनपी नेता खालिदा जिया प्रधानमंत्री बनीं।

पांच साल बाद, 1996 के आम चुनाव में हसीना प्रधानमंत्री चुनी गईं। 2001 के चुनाव में हसीना को सत्ता से बाहर होना पड़ा लेकिन 2008 के चुनाव में वह प्रचंड जीत के साथ सत्ता में लौट आईं। वर्ष 2004 में हसीना हत्या के एक प्रयास से उस समय बच गईं, जब उनकी रैली में एक ग्रेनेड विस्फोट हुआ। सत्ता में आने के तुरंत बाद 2009 में हसीना ने 1971 के युद्ध अपराध मामलों की सुनवाई के लिए एक न्यायाधिकरण का गठन किया। न्यायाधिकरण ने विपक्ष के कुछ वरिष्ठ नेताओं को दोषी ठहराया, जिससे हिंसक विरोध-प्रदर्शन शुरू हो गए थे।

हसीना एक बेटी और एक बेटे की मां हैं। उनकी बेटी मनोरोग विशेषज्ञ हैं जबकि बेटा सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी) विशेषज्ञ हैं। हसीना के पति एक परमाणु वैज्ञानिक थे, जिनका 2009 में निधन हो गया।

# फिल्म 'रिश्ते' की शूटिंग शुरू

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी फिल्मों के सुपर स्टार खेसारीलाल यादव और अभिनेत्री रति पांडेय की फिल्म रिश्ते की शूटिंग शुरू हो गयी है। फिल्म रिश्ते का निर्माण एस आर के म्यूजिक प्रा. लि. कर रही है, जिसकी निर्माता शर्मिला आर सिंह हैं। इस फिल्म के निर्देशक प्रेमांशु हैं। खेसारीलाल यादव ने कहा कि फिल्म रिश्ते आम जनता की कहानी पर बनने वाली अब तक की सबसे मजेदार फिल्म होगी।फिल्म की कहानी दर्शकों के दिल को छूने वाली है और हम सभी इस फिल्म को बिग स्केल पर लेकर आने वाले हैं। फिल्म में मेरा किरदार क्या है, इसका खुलासा भी जल्द करेंगे, लेकिन जो तस्वीर सेट से आई है, उसके अनुसार, अपने वर्तमान उम्र में भविष्य की कल्पना कर उस किरदार को जीना आसान नहीं है। दर्शकों के लिए एक अभिनेता का यह कर्तव्य होता है कि वह हर तरह के किरदार में नज़र आये।



# फिल्म 'तुझको ही दुल्हा बनाउंगी' में नजर आयेंगी काजल राघवानी

मुंबई/वार्ता

भोजपुरी सिनेमा की जानीमानी अभिनेत्री काजल राघवानी फिल्म तुझको ही दुल्हा बनाउंगी में जय यादव के साथ नजर आयेंगी। फिल्म तुझको ही दुल्हा बनाउंगी के निर्माता नवीन कुमार शर्मा हैं और इस फिल्म का निर्देशन अजय कुमार गुप्ता कर रहे हैं।ग्राउंड जीरो इंक प्रस्तुत फिल्म तुझको ही दुल्हा बनाउंगी में जय यादव और काजल राघवानी ऑन स्क्रीन रोमांस करते नज़र आएंगे।

जय यादव ने कहा,काजल इंडस्ट्री की खूबसूरत अदाकारा हैं। उनके साथ इस फिल्म में काम करने का अनुभव खास होने वाला है। उम्मीद है कि हमारी जोड़ी भोजपुरी के दर्शकों को पसंद आएगी। वह इतनी सहज और बड़े दिल की हैं कि उनके साथ काम करने में मजा आने वाला है। फिल्म में हम दोनों का किरदार एक दूसरे का पूरक होने वाला है। वहीं, फिल्म में अवधेश मिश्रा जैसे दिग्गज कलाकारों के साथ स्क्रीन शेयर करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, इसलिए मुझे भोजपुरी के दर्शकों से बस यही उम्मीद है कि वे हमारी फिल्म को अपने परिवार के साथ मिलकर देखें और हमें अपना प्यार और आशीर्वाद दें।

फिल्म तुझको ही दुल्हा बनाउंगी में जय यादव, काजल राघवानी, अवधेश मिश्रा, राम सुजान सिंह, बीना पाँडे, राहुल श्रीवास्तव, शिव कुमार, बबलू ख़ान, कृष्णा कुमार मुख्य भूमिका में हैं।लेखक सभा वर्मा हैं. संगीतकार यश क़ुमार हैं। डीओपी शत्रुघ्न तिवारी हैं।

# भारत-मालदीव विवाद के बीच अमिताभ बच्चन ने की लक्षद्वीप, अंडमान की तारीफ

मुंबई/भाषा



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव के मंत्रियों की अपमानजनक टिप्पणियों पर विवाद के बीच अमिताभ बच्चन ने भारत की आत्मनिर्भरता की सराहना करते हुए सोमवार को कहा कि लक्षद्वीप और अंडमान अद्भुत रूप से सुंदर स्थान हैं। अभिनेता अक्षय कुमार, सलमान खान, श्रद्धा कपूर और क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, वेंकटेश प्रसाद तथा वीरेंद्र सहवाग द्वारा लोगों से मालदीव की जगह घरेलू द्वीपों की यात्रा करने की अपील किए जाने के बाद 81 वर्षीय बच्चन की भी टिप्पणी आई है। बच्चन ने सहवाग द्वारा सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर किए गए पोस्ट का हवाला दिया जिसमें पूर्व क्रिकेटर ने मालदीव के मंत्रियों द्वारा हमारे देश और हमारे प्रधानमंत्री पर कटाक्ष किए जाने को भारत के लिए पर्यटकों को आकर्षित करने और अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा बनाने का एक अवसर बताया। बच्चन ने अपने पोस्ट में कहा कि सहवाग की टिप्पणियां प्रासंगिक हैं और ''हमारी भूमि की सही भावना को दर्शाती हैं।''

उन्होंने कहा, ''हमारे अपने (स्थल) सबसे अच्छे हैं.. मैं लक्षद्वीप और अंडमान गया हूं और वे अद्भुत रूप से सुंदर स्थान हैं.. अद्भुत जल, समुद्र तट और पानी के नीचे का अनुभव बिलकुल अविश्वसनीय है।'' बच्चन ने लिखा, हम भारत हैं, हम आत्म-निर्भर हैं, हमारी आत्म-निर्भरता पर आंच मत डालिए। जय हिंद। मालदीव सरकार ने रविवार को अपने तीन उप-मंत्रियों को निलंबित कर दिया, क्योंकि उन्होंने मोदी की लक्षद्वीप यात्रा के बाद 'एक्स' पर उनके पोस्ट को लेकर उनकी आलोचना की थी। इन मंत्रियों ने यह अनुमान लगाते हुए मोदी की आलोचना की थी कि उनका लक्षद्वीप दौरा भारत के इस केंद्रशासित प्रदेश को मालदीव के वैकल्पिक पर्यटन स्थल के रूप में पेश करने का प्रयास है।

हालांकि, हास्य-अभिनेता वीर दास ने इस विवाद पर हल्के-फुल्के अंदाज में टिप्पणी की। दास ने लिखा, ''सबसे पहले, इस बात से खुश हूं कि लक्षद्वीप को कुछ प्यार मिल रहा है।'' निर्माता एकता कपूर ने कहा कि वह 'एक्स' पर यह कहने के लिए लौटी हैं कि वह अपने बेटे को मजेदार ढंग से छुट्टियां बिताने के लिए लक्षद्वीप ले जाएंगी। कपूर ने मालदीव से बेहतर भारतीय द्वीप को बताने के एक स्पष्ट संदर्भ में कहा, अब कोई 'मॉल' नहीं। अब समय है द्वीप की खूबसूरती में गोता लगाने का। अभिनेत्री निम्रत कौर और वरुण धवन ने 'एक्स' पर 'एक्सप्लोर इंडियन आइलैंड्स' हैशटैग के साथ पोस्ट किए। कौर ने लिखा, काम और जीवन से समय निकालकर 'एक्सप्लोर इनक्रेडिबल इंडिया' के लिए यात्रा करने का इससे बेहतर कोई तरीका नहीं है। हमेशा इसके साथ जीती हूं, कभी नहीं रुकूंगी-पीएमओ इंडिया-भारत की निम्रत।

धवन ने कहा, लक्षद्वीप के समुद्र तटों पर हमारे माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सर को देखकर मुझे एहसास हुआ कि मैं अपने इतने खूबसूरत समुद्र तटों पर ना जाकर कुछ खो रहा हूं। मुझे अपनी अगली छुट्टियों की बुकिंग का इंतजार है। सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट भी किए गए जिनमें दावा किया गया कि विवाद के मद्देनजर कुछ भारतीय मालदीव की अपनी निर्धारित यात्रा रद्द कर रहे हैं। मालदीव के विदेश मंत्रालय ने कहा कि विदेशी नेताओं के खिलाफ सोशल मीडिया मंचों पर अपमानजनक टिप्पणियों से सरकार अवगत है और व्यक्तिगत विचार सरकार के विचार नहीं हैं। मोदी कई परियोजनाओं का उद्घाटन करने के लिए दो से तीन जनवरी तक लक्षद्वीप में थे।

# अतिथियों को हाथों में सौंपे जाएंगे राम मंदिर उद्घाटन समारोह के निमंत्रण पत्र : सूत्र

अयोध्या (उप्र)/भाषा। अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को आयोजित राम मंदिर उदघाटन समारोह के निमंत्रण पत्र सभी मेहमानों को उनके हाथों में दिए जाएंगे। इसके लिए मंदिर ट्रस्ट के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में स्वयंसेवकों को जिम्मेदारी दी गई है।

मंदिर ट्रस्ट के एक सदस्य ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, हमारे पास लोगों और स्वयंसेवकों का एक बड़ा नेटवर्क है और प्रत्येक अतिथि को निमंत्रण कार्ड हाथ से दिए जाएंगे, न कि डाक या कूरियर डिलीवरी सेवा के माध्यम से।इसके अलावा, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के प्रतिनिधि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के सदस्य और उनके सहयोगी भी निमंत्रण देने में मदद कर रहे हैं। कुछ मेहमानों को निमंत्रण पत्र पहले ही मिल चुके हैं।

निमंत्रण कार्ड में मंदिर और भगवान राम की एक भव्य छवि है। सौंदर्यपूर्ण तरीके से डिज़ाइन किए गए कार्ड के अलावा निमंत्रण में एक पुस्तिका भी शामिल है जिसमें राम जन्मभूमि आंदोलन में शामिल कुछ प्रमुख लोगों का संक्षिप्त परिचय है। मंदिर ट्रस्ट द्वारा आमंत्रित किए जाने वाले लोगों की सूची में 7,000 से अधिक लोग हैं जिनमें क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली, अभिनेता अमिताभ बच्चन और उद्योगपति मुकेश अंबानी और गौतम अडाणी भी शामिल हैं। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य ने बताया, हमने जीवन के विभिन्न क्षेत्रों से लोगों को आमंत्रित किया है। अंतरिक्ष अन्वेषण से लेकर कला तक और कुछ भूले-बिसरे आदिवासियों से लेकर वास्तुकारों तक।




# आलिया,रणबीर कपूर को राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने का न्योता दिया

मुंबई/भाषा

अभिनेत्री आलिया भट्ट और उनके पति एवं अभिनेता रणबीर कपूर को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने का रविवार को न्योता प्राप्त हुआ। निर्माता महावीर जैन द्वारा साझा किए गए एक बयान के अनुसार, अभिनेता 22 जनवरी को आयोजित होने वाले समारोह का हिस्सा होंगे। बयान में कहा गया, ''सुनील आंबेकर, आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख; श्री अजय मुडपे, प्रांत प्रचार प्रमुख, आरएसएस कोंकण; और निर्माता महावीर जैन ने आज आलिया और रणबीर से मुलाकात की और उन्हें 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले श्री रामजन्मभूमि मंदिर प्राणप्रतिष्ठा समारोह के लिए आमंत्रित किया।''

# किच्चा सुदीप ने उपेन्द्र की 'वर्ल्ड ऑफ यूआई' का पहला लुक रिलीज किया

मुंबई/वार्ता




दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार किच्चा सुदीप ने बहुप्रतीक्षित फिल्म 'वर्ल्ड ऑफ यूआई' का पहला लुक रिलीज कर दिया है। उपेन्द्र द्वारा निर्देशित और परिकल्पित, 'वर्ल्ड ऑफ यूआई' एक महत्वाकांक्षी परियोजना है।वर्ल्ड ऑफ यूआई में उपेन्द्र के साथ रेशमा नानैया, मुरली शर्मा, निधि सुब्बैया, रविशंकर, साधु कोकिला और कॉकरोच सुधि सहित अन्य प्रतिभाशाली कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। निर्देशन के अलावा, उपेन्द्र ने स्क्रीनप्ले भी लिखा है और इस महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट में मुख्य भूमिका निभाई है। फिल्म का साउंडट्रैक और संगीत कांतारा फेम बी अजनीश लोकनाथ द्वारा तैयार किया गया है। जी मनोहरन, श्रीकांत केपी एंड कंपनी द्वारा निर्मित - लहरी फिल्म्स और वीनस एंटरटेनर्स बैनर के तहत नवीन मनोहरन द्वारा निर्मित, इस फिल्म में केजीएफ फेम शिवकुमार का आर्ट डायरेक्शन और विक्रांत रोना फेम निर्मल कुमार का वीएफएक्स है।

# सेना में काम करना चाहती थी नंदा

मुम्बई/वार्ता

बॉलीवुड में अपनी दिलकश अदाओं से अभिनेत्री नंदा ने लगभग तीन दशक क तक दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया लेकिन बहुत कम लोगों को पता होगा कि वह फिल्म अभिनेत्री न बनकर सेना में काम करना चाहती थी। मुंबई में 08 जनवरी 1939 को जन्मी नंदा के घर में फिल्म का माहौल था। उनके पिता मास्टर विनायक मराठी रंगमंच के जाने माने हास्य कलाकार थे इसके अलावा उन्होंने कई फिल्मों का निर्माण भी किया था। उनके पिता चाहते थे कि नंदा फिल्म इंडस्ट्री में अभिनेत्री बने लेकिन इसके बावजूद नंदा की अभिनय में कोई दिलचस्पी नहीं थी।नंदा महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद्र बोस से काफी प्रभावित थी और उनकी ही तरह सेना से जुड़कर देश की रक्षा करना चाहती थी। एक दिन का वाकया है कि जब नंदा पढ़ाई में व्यस्त थी तब उनकी मां ने उसके पास आकर कहा..तुम्हें अपने बाल कटवाने होंगे। क्योंकि तुम्हारे पापा चाहते है कि तुम उनकी फिल्म में लड़के का किरदार निभाओ।

मां की इस बात को सुनकर नंदा को काफी गुस्सा आया। पहले तो उन्होंने बाल कटवाने के लिये साफ तौर से मना कर दिया लेकिन मां के समझाने पर वह इस बात के लिये तैयार हो गयी। फिल्म के निर्माण के दौरान नंदा के सिर से पिता का साया उठ गया साथ ही फिल्म भी अधूरी रह गयी। धीरे-धीरे परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने लगी। उनके घर की स्थित इतनी खराब हो गयी कि उन्हें अपना बंगला और कार बेचने के लिये विवश होना पड़ा। परिवार की आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण नंदा ने बाल कलाकार फिल्मों में काम करना शुरू कर दिया। बतौर बाल कलाकार नंदा ने वर्ष 1948 में मंदिर, 1952 में जग्गु, 1954 में शंकराचार्य और अंगारे जैसी फिल्मों मे काम किया।

वर्ष 1956 में अपने चाचा व्ही शांताराम की फिल्म तूफान और दीया से नंदा ने बतौर अभिनेत्री अपने सिने करियर की शुरूआत की। हालांकि फिल्म की असफलता से वह कुछ खास पहचान नहीं बना पायी। फिल्म तूफान और दीया की असफलता के बाद नंदा ने राम लक्ष्मण, लक्ष्मी, दुल्हन, जरा बचके, साक्षी गोपाल, चांद मेरे आजा, पहली रात जैसी बी और सी ग्रेड वाली फिल्मों में बतौर अभिनेत्री काम किया लेकिन इन फिल्मों से उन्हें कोई खास फायदा नहीं पहुंचा। नंदा की किस्मत का सितारा निर्माता एल. वी. प्रसाद की वर्ष 1959 में प्रदर्शित फिल्म छोटी बहन से चकमा। इस फिल्म में भाई-बहन के प्यार भरे अटूट रिश्ते को रूपहले परदे पर दिखाया गया था। इस फिल्म में बलराज साहनी ने बड़े भाई और नन्दा ने छोटी बहन की भूमिका निभायी थी। शैलेन्द्र का लिखा और लता मंगेशकर द्वारा गाया फिल्म का एक गीत भइया मेरे राखी के बंधन को निभाना बेहद लोकप्रिय हुआ था। रक्षा बंधन के गीतों में इस गीत का विशिष्ट स्थान आज भी बरकरार है। फिल्म की सफलता के बाद नंदा कुछ हद तक फिल्म जगत में अपनी पहचान बनाने में कामयाब हो गयी।

फिल्म छोटी बहन की सफलता के बाद नंदा को कई अच्छी फिल्मों के प्रस्ताव मिलने शुरू हो गये देवानंद की फिल्म काला बाजार और हम दोनों बी.आर .चोपड़ा की फिल्म कानून खास तौर पर उल्लेखनीय है। फिल्म काला बाजार जिसमें नंदा ने एक छोटी सी लेकिन महत्वपूर्ण भूमिका निभायी वही सुपरहिट फिल्म हम दोनों में उन्होंने देवानंद के साथ बतौर अभिनेत्री काम किया।वर्ष 1965 नंदा के सिने करियर का अहम वर्ष साबित हुआ। इस वर्ष उनकी जब जब फूल खिले प्रदर्शित हुयी। बेहतरीन गीत-संगीत और अभिनय से सजी इस फिल्म की जबरदस्त कामयाबी ने न सिर्फ अभिनेता शशि कपूर और गीतकार आनंद बख्शी और संगीतकार कल्याण जी-आनंद जी को शोहरत की बुंलदियां पर पहुंचा दिया साथ ही उनको भी 'स्टार' के रूप में स्थापित कर दिया। वर्ष 1965 में ही उनकी एक और सुपरहिट फिल्म गुमनाम भी प्रदर्शित हुयी। मनोज कुमार और नंदा की मुख्य भूमिका वाली इस फिल्म में रहस्य और रोमांस के ताने-बाने से बुनी, मधुर गीत-संगीत और ध्वनि के कल्पनामय इस्तेमाल किया गया था। वर्ष 1969 में नंदा के सिने करियर की एक और



सुपरहिट फिल्म इत्तेफाक प्रदर्शित हुयी। दिलचस्प बात है कि राजेश खन्ना और नंदा की जोड़ी वाली सस्पेंस थ्रिलर इस फिल्म में कोई गीत नहीं था बावजूद इसके फिल्म को दर्शकों ने काफी पसंद किया और उसे सुपरहिट बना दिया।

वर्ष 1982 में नंदा ने फिल्म आहिस्ता आहिस्ता से बतौर चरित्र अभिनेत्री फिल्म इंडस्ट्री में एक बार फिर से वापसी की।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
8
www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

अहिंसा धर्म परमात्मा का धर्म है। जहां पर अहिंसा है, वहां पर अमृत है, जहां पर हिंसा है वहां पर विष है, जहां पर अहिंसा की प्राण-प्रतिष्ठा होती है वहां का वातावरण भय मुक्त हो जाता है। परमात्मा में परमाणुओं का दिव्य प्रभाव हुआ करता है, बकरी और शेर भी एक साथ बैठकर निर्भय होकर परमात्मा की वाणी को श्रवण करते थे। जहां पर अहिंसा, करुणा और मानवता की भावना होती है वहां पर उनका जीवन धन्य हो जाता है। अहिंसा की प्रतिमूर्ति थी साध्वीश्री यशकवरजी।



# हर्षोल्लास के साथ आयोजित हुई माता की चौकी

## हरियाणा नागरिक संघ द्वारा नई डायरेक्टरी का हुआ विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। हरियाणा नागरिक संघ चेन्नई एवं हरियाणा चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा रविवार को वेपेरी स्थित अग्रवाल विद्यालय एवं जूनियर कॉलेज में माता की चौकी का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें खास बात यह रही की भारी बारिश के बावजूद माता के भक्तों की रेलमपेल रही। कार्यक्रम के शुभारंभ से लेकर कार्यक्रम समापन तक भक्त पंडाल में डटे रहे एवं संगीतमय भजनों पर पूरे जोश के साथ नृत्य कर माता के जयकारे लगाते रहे। उत्तर प्रदेश प्रयागराज से आई भजन गायिका जूली सिंह ने अपनी सुमधुर आवाज से माता के भजन गाकर खूब समां बांधा। उन्होंने 'जब राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में..., हारे का सहारा बाबा श्याम हमारा..., फूलों से सज रहे हैं श्री वृंदावन बिहारी... तथा गुरुदेव तुम्हारे चरणों में..' भजन गायाा तब थिरकने लगे। इस कार्यक्रम के अंतर्गत हरियाणा नागरिक संघ की नई डायरेक्टरी का विमोचन संघ के सदस्यों द्वारा किया गया। संघ अध्यक्ष प्रेम प्रकाश बंसल ने बताया कि संघ द्वारा सातवीं बार माता की चौकी का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष संघ द्वारा कई अन्य कार्यक्रम प्रस्तावित है, हम समाज हित के लिए इस तरह के कार्यक्रम अनवरत करने का प्रयास करते रहेंगे। कार्यक्रम में सुरेश अत्री, एनके सिंगला, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, अजय कुमार गुप्ता, वासुदेव अग्रवाल, कृष्ण लाल गोयल, राधेश्याम गोयल सहित अनेक गणमान्य लोग सपरिवार उपस्थित रहे।



## नेत्र शिविर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



यहां चेन्नई में रविवार को महावीर इंटरनेशनल चेन्नई नार्थ टाउन एवं महावीर इंटरनेशनल चेन्नई मेट्रो के संयुक्त तत्वावधान में धर्मीचंदजी, पारस, रोशन रांका परिवार, नार्थ टाउन के सहयोग से मंगलापुरम स्थित सेम्मतअम्मन कोइल स्ट्रीट में निःशुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। उसमे अग्रवाल नेत्रालय की टीम ने सेवा दी, शिविर में 93 लोगो की आँखों की जांच की गई, जिसमें 61 लोगों की आँखें कमजोर पाई गई, उनको चश्मे बनाकर दिये जायेंगे। तीन व्यक्तियों को मोतियाबिंद पाया गया जिनका ऑपरेशन करवाया जायेगा। शिविर में चेयरमैन दिलखुश राज धोका, वाइस चेयरमैन शांतिलाल चौधरी, सलाहकार गौतमचंद मुथा, गवर्निंग काउंसिल सदस्य ज्ञानचंद कोठारी, मिडिया व पब्लिसिटी डिप्टी डायरेक्टर महावीर सबदडा, बुधप्रकाश दोशी, किशोर लुणावत, भावेश खंडोर, निर्मल तातेड़, मनोज आबड, श्रेयांश लूंकड़, सिध्दार्थ आबड आदि ने सेवाएं प्रदान की।

## कलैन्डर विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



चेन्नई के शूलै में आदिनाथ ट्रस्ट में 1100 महामंगलकारी पौष दशमी के अट्ठम के पारणे हुए। आचार्यश्री उदयप्रभसूरी ने सभी अट्ठम के तपस्वियों को महामांगलिक सुनाया। आचार्यश्री ने शंखेश्वर पार्श्वनाथ भगवान का वर्ष 2024 का कलैन्डर का विमोचन किया गया। हुल्लासमल प्रमोदकुमारी चोरड़िया परिवार वालों ने पारणे कराने का व कलैन्डर वितरण करने का लाभ लिया है। विशेष उपस्थिति प्रमोद चोरड़िया, मनीषा चोरड़िया, किशोर ओटमल छाजेड, रमेश मुठलिया, सुशील फुलफगर, प्रकाश बन्दा, मांगीलाल कांकरिया आदि उपस्थित थे।




# मुमुक्षुओं का हुआ सम्मान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोयम्बटूर। यहां के आरसी स्ट्रीट स्थित राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ द्वारा संचालित सुपार्श्वनाथ मंदिर में मुमुक्षु नेहलकुमारी कंकु चोपड़ा एवं विभाकुमारी चोरड़िया के सम्मान में संयम अनुमोदना का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस शक्रस्तक अभिषेक हुआ। गांव की सांझी, मेहंदी वितरण एवं रात्रि प्रभु भक्ति का आयोजन किया गया।

दूसरे दिन मुमुक्षुओं का वरघोड़ा निकाला गया। राजस्थान श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के पदाधिकारियों ने मुमुक्षुओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में सभी का स्वागत मंदिर के अध्यक्ष गुलाबचन्द मेहता ने किया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष प्रकाश कोठारी, कोषाध्यक्ष तेजपाल राठौड़, सहसचिव गौतमचन्द बाफना, सहकोषाध्यक्ष दिनेश कंकुलोल सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

# आचार्य तीर्थभद्रसूरी का आज किलपॉक जैन संघ में पदार्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। आचार्य तीर्थभद्र सूरीश्वरजी महाराज का विशाल शिष्य परिवार के साथ पोरूर से विहार कर किलपॉक श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ में 9 जनवरी को प्रातः 9 बजे पदार्पण होगा। इससे पूर्व आचार्यश्री किलपॉक के मनोमणि अम्मल स्ट्रीट स्थित लाइफस्टाइल परम प्रतिष्ठा एवं पांच मुमुक्षुओं की दीक्षा के सम्पूर्ण लाभार्थी परिवार विजयसिंह प्रियंक मिवान पींचा के गृहांगन में प्रातः 7 बजे सकल संघ के साथ पगलिया करेंगे। आचार्यश्री का प्रातः 8.30 बजे कांकरिया भवन से मुनिसुव्रत स्वामी जिनालय तक भव्य सामैया आयोजित किया जाएगा, जहां संघ के पदाधिकारी और ट्रस्टीगण आचार्यश्री की अगवानी करेंगे। आचार्यश्री किलपॉक संघ से संभावित 11 जनवरी प्रातः विहार कर लुम्बिनी अपार्टमेंट पधारेंगे। गौरतलब है कि आचार्यश्री ने मैसूर चातुर्मास के बाद चेन्नई की ओर विहार किया, जहां उनकी निश्रा में 24 और 25 जनवरी को पेरंबूर स्थित लाइफस्टाइल परम में संभवनाथ जिनालय की प्रतिष्ठा एवं पांच मुमुक्षुओं की भव्य दीक्षा होगी।



# शिशु संस्कार बोध परीक्षा का आयोजन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मदुरै। यहां के तेरापंथ भवन में तेरापंथ सभा के अंतर्गत ज्ञानशाला प्रकोष्ट के द्वारा निर्देशित शिशु संस्कार बोध 1से 5 परीक्षा का आयोजन किया गया। तेरापंथ सभा के अध्यक्ष अशोक जीरावला एवं ज्ञानशाला के प्रभारी धनराज लोढ़ा, युवक परिषद् के मंत्री राजकुमार नाहटा, सभा के मंत्री अभिनन्दन बागरेचा, महिला मंडल अध्यक्ष लता कोठारी के उपस्थिति में परीक्षा के पेपर्स को खोला गया। सभी ने बच्चों को मंगलकामना प्रेषित की एवं धर्म आराधना के मार्ग पर यूही आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। गुरुदेव का वृहद मंगलपाठ उपासक धनराज लोढ़ा ने मोबाइल द्वारा सुनाया। सभी प्रशिक्षिकाएं बबिता लोढ़ा, सुनीता कोठारी, मधु जीरावाला, संतोष बोकड़िया, दीपिका फुलफगर, लता कोठारी ने सभी परीक्षार्थी को शुभकामनाएं दी। कुल 12 बच्चों ने एग्जाम में भाग लिया। परीक्षा बच्चों के ज्ञान चेतना को जागृत करता है। उक्त जानकारी ज्ञानशाला संयोजिका लता कोठारी ने दी।



# कोयंबटूर क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखा युवाओं का उत्साह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




कोयम्बटूर। कोयंबटूर की सबसे पुरानी प्रवासी युवा प्रतिनिधि संस्था श्रीश्वेतांबर स्थानकवासी जैन युवक संघ (एसएसएस जैन युवक संघ) ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया।

सुबह कोयंबटूर स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार बोहरा ने सिक्का उछालकर प्रतिद्वंदी टीमों के कप्तानों से टॉस जीतकर बल्लेबाजी या गेंदबाजी पूछकर क्रिकेट महोत्सव के शुभारंभ की घोषणा की और अपने संबोधन में खेल को खेल भावना से खेलने का आह्वान किया।

ग्रुप एक में विकास नाबरिया के नेतृत्व में अनबीटबल्स, नवीन चोरड़िया के नेतृत्व में एवेंजर्स, तेजस मेहता के नेतृत्व में कोवै सुपर किंग व नीतेश भंसाली के नेतृत्व में ट्रॉफी फाइटर्स के साथ ग्रुप दो में धीरज बोथरा के नेतृत्व में सुपर स्मैशर्स, ललित लोढ़ा के नेतृत्व में पावर हिटर्स, आशीष बोहरा के नेतृत्व में मास्टर ब्लास्टर्स व मनोज हिंगड़ के नेतृत्व में गेम स्विंगर्स ने अनेक चक्रों में चले उलट फेर व रोमांच के बीच फाइनल में खिताबी भिड़ंत सुपर स्मेशर्स व एवेंजर्स में हुई,जिसमे बाजी एवेंजर्स ने टीम रूपी खेल का प्रदर्शन कर खिताब पर कब्जा जमाया व विजयी रहे।

संपूर्ण क्रिकेट प्रतियोगिता में उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द सीरीज नमन कोठरी,सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी के लिए नीतेश भंसाली व दिलखुश पगारिया,सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज दीपेश मालू को चुना गया,सर्वाधिक छक्कों के लिए धीरज सेठिया व सर्वाधिक चौकों के लिए राहुल बोहरा सम्मानित किए गए।संघ के मंत्री सुनील हिंगड़, कार्यकारिणी सदस्य दिलीप बोहरा,राजेश कुमार गादिया के साथ ही समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे। प्रतियोगिता के मुख्य अर्थ सहयोगी रेनबो टेप्स(राजगुरु ग्रुप) व दी ब्लू हॉर्स समूह रहा। सभी का स्वागत संघ के सचिव आशीष बोहरा ने किया। युवक संघ के अध्यक्ष तेजस मेहता ने आभार व्यक्त किया।



# तिरुपुर में श्याम अखंड ज्योति पाठ व सत्संग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



तिरुपुर। यहां दादी परिवार द्वारा सोमवार को रायपुरम् के गणेश मंदिर में श्री श्याम बाबा का सुन्दर दरबार सजाया गया। पंडितजी ने गणेश वंदना कर श्याम मंत्र मंत्रोच्चारण के साथ श्री श्याम ज्योति का अखंड पाठ शुरु हुआ। दोपहर ढाई बजे तक चले इस पाठ के उपरांत महाआरती एवं महाप्रसाद का वितरण हुआ।

दादी परिवार के अध्यक्ष शीला शाह ने बताया कि मंडल अखंड पाठ में काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थे। श्याम अखंड पाठ में दादी परिवार की ओर से सरोज पित्ती, मंजु पारस, सरिता तुलस्यान, सुमन गुप्ता, मनीषा अग्रवाल, मधु चौधरी आदि ने खाटू श्याम के भजनों से प्रभु को रिझाया। प्रसाद वितरण में सागर कश्यप, भागीरथ गुलेरिया आदि ने अपनी सेवाएं दी।

# जन्म कल्याणक एवं दीक्षा कल्याणक सामायिक के साथ मनाया

**चेन्नई।** यहां जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ, तमिलनाडु के तत्वावधान में स्वाध्याय भवन,साहूकारपेट में तेईसवें तीर्थंकर भगवान पार्श्वनाथ का जन्म व दीक्षा कल्याणक सामायिक दिवस के रुप में मनाया गया। वरिष्ठ स्वाध्यायी गौतमचन्द मुणोत व कांतिलाल तातेड़ ने गुणसौरभ से रहे महकता ऐसा अपना घर हो प्रार्थना से स्तुति की। वरिष्ठ स्वाध्यायी लीलमचंद बागमार ने पार्श्वनाथ भगवान की भावविभोर करने वाली स्तुति की। श्रावक संघ, तमिलनाडु के कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने पार्श्वनाथ भगवान के मरुभूति के भव से प्रमुख दस भवों का नाम सहित उल्लेख करते हुए बताया कि पार्श्व का जन्म वाराणसी में राजा अश्वसेन व महारानी वामादेवी के यहां भगवान महावीर स्वामी के 250 वर्षों पूर्व हुआ। बालक पार्श्व के नामकरण का मुख्य कारण व बाल्यकाल से युवा अवस्था वैराग्य व दीक्षा व दीक्षित होने के पश्चात अनेक उपसर्गो व केवलज्ञान होने के पश्चात देवताओं द्वारा समवशरण की रचना आदि चरित्रमय जीवन की प्रमुख घटनाओं का विस्तृत चित्रण धर्मसभा में रखा। उनके शासनकाल में चतुर्याम महाव्रतों में पांचवे महाव्रत का समावेश था व उपदेशों से प्रेरित होकर उनके माता व पिता संग अनेको ने भागवती दोक्षा ग्रहण की। भगवान पार्श्वनाथ के मुखारविन्द से दीक्षित साधु, साध्वी, गणधरों, केवली, अवधि ज्ञानी, मनपर्यव ज्ञानी, श्रावक, श्राविकाओं की संख्या का उल्लेख करते हुए बताया कि सौ वर्ष की आयु में पार्श्वनाथ सम्मेतशिखर पर्वत,बिहार में एक मास की अनशन तपस्या संग संथारापूर्वक सिद्ध, बुद्ध मुक्त हुए।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.